नवरात्र का 9वां दिन

पूजन मंत्र - सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैः असुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात्, सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com • रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024 • पृष्ठ-12 • वर्ष-08, अंक-234 • मूल्य ₹3.00



माँ सिद्धिदात्री

## सर्जिकल स्ट्राइक, 29 नक्सली ढेर

### गृहमंत्री शाह ने दी बधाई, घायल जवानों को लाया गया रायपुर

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कांकेर जिले में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए और तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल और अन्य हथियार जप्त किए हैं। दिन में हुई मुठभेड़ में पहले 18 नक्सलियों के मरने की खबर आयी थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 29 हो गयी। मृत नक्सलियों में एक कमांडर भी बताया गया है। कांकेर जिला पुलिस के अनुसार जिले के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया। इस दौरान हुई भीषण मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली और नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ।

वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है। घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल, इंसास और अन्य राइफल तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली है। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया है, जिस पर 25 लाख रुपए का इनाम था। राज्य में नक्सली गतिविधियों के रोकथाम के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है। मंगलवार को फोर्स को बड़ी सफलता मिली।

वहीं नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा कर्मियों को बधाई दी और घायल पुलिस कर्मियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### सीएम विष्णुदेव साय ने मुठभेड़ को बताया सर्जिकल स्ट्राइक



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देर रात मारे गए नक्सलियों को लेकर कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। उन्होंने इसे नक्सलियों के खात्मे के लिए नक्सलवाद सर्जिकल स्ट्राइक बताया है। सीएम साय ने नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह को बधाई दी। सीएम साय ने कहा है कि ये तो शुरुआत है अभी नक्सलवाद की जड़ों को खत्म करना है और छत्तीसगढ़ में हुए निर्दोषों की निर्मम हत्या का बदला लेना है।

### अब नक्सलवाद से मुक्ति के मार्ग पर चल चुका है छत्तीसगढ़ : डॉ. रमन



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाही से ही हमारे प्रदेश में शांति और विकास संभव है। रमन सिंह ने कहा सुरक्षा बल के जवानों ने 29 नक्सलियों को ढेर करके यह स्पष्ट कर दिया है कि छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद से मुक्ति के मार्ग पर चल दिया है।

### विकास की गंगा गांव-गांव तक पहुंचाने जो भी आवश्यक हो वो करेंगे : विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल मोर्चे पर मिली इस बड़ी सफलता का श्रेय जवानों को दिया है। गृहमंत्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए है। उन्होंने कहा ये जवान ही है जिनकी ताकत से ये सब संभव हो पाया है, पुलिस अधिकारियों का भी सहयोग उन्हें मिल रहा है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा मार्गदर्शन हमे मिला है। इसके लिए जो भी आवश्यक होगा वो सब कुछ किया जाएगा। इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

## क्विक न्यूज़

### मोदी ने शांति और विकास के जरिए जम्मू-कश्मीर को बदल दिया : शाह



**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक दशक में किए गए विकास कार्यों और प्रगति को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास नयी सामान्य बात है। शाह ने यहां रूप नगर इलाके में मन्हास बिरादरी ग्राउंड में जम्मू-रियासी लोकसभा सीट से उम्मीदवार जुगल किशोर शर्मा के पक्ष में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र को सबसे ज्यादा फायदा जम्मू-कश्मीर और उसके लोगों को हुआ है।

### रद्द करेंगे अग्निपथ योजना : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को सैनिकों का अपमान करार देते हुए आज फिर इसकी आलोचना की और कहा कि केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो अग्निपथ योजना को रद्द किया जाएगा। गांधी ने ट्वीट किया, अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है। उन्होंने कहा शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

### जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार : संजय सिंह



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और इससे आहत होकर उन्होंने देश की जनता के नाम संदेश भेजकर कहा कि वह आतंकवादी नहीं हैं। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा ,केजरीवाल ने दिल्ली और देश की जनता के लिए बेटे और भाई की तरह काम किया।

### चौरसिया की जमानत याचिका खारिज



**रायपुर।** कोयला घोटाले में सौम्या चौरसिया 16 महीनों से में जेल में बंद हैं। सौम्या चौरसिया की सेकंड बेल एप्लीकेशन पर 12 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार की शाम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। सौम्या चौरसिया के वकील कैलाश भादुड़ी ने बच्चों की परवरिश करने को आधार बनाकर जमानत मांगी थी। उधर ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक सौरभ पांडेय ने पैरवी की।

## संविधान का इस्तेमाल 'राजनीतिक हथियार' के रूप में न करे विपक्ष : मोदी

वार्ता < गया
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान को 'राजनीतिक हथियार' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए आज कहा कि इसे कोई भी नहीं बदल सकता, यहां तक कि खुद डॉ. भीमराव अंबेडकर भी इसे नहीं बदल सकते लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि यदि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल दिया जाएगा। मोदी ने गया सीट से चुनाव लड़ रहे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार जीतनराम मांझी और औरंगाबाद से चुनाव लड़ रहे सुशील कुमार सिंह के पक्ष में गया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दलों द्वारा संविधान का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे प्रचार कर रहे थे कि यदि लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई तो संविधान बदल दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, यह पूरी तरह से निराधार और भ्रामक है कि यदि भाजपा मौजूदा लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। उन्होंने कहा कि किसी के पास किसी भी परिस्थिति में संविधान को बदलने का साहस और अधिकार नहीं है। उन्होंने गरजते हुए कहा कि न केवल भाजपा बल्कि खुद बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी संविधान को नहीं बदल सकते थे। मोदी ने कहा कि लोगों को विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे दुष्प्रचार पर विश्वास नहीं करना चाहिए कि भाजपा संविधान बदल देगी। उन्होंने कहा कि संविधान विपक्षी दलों के लिए केवल एक राजनीतिक हथियार है लेकिन इसके प्रति गहरा सम्मान और भावनाएं रखने वाली भाजपा के लिए यह एक पवित्र ग्रंथ है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह संविधान की शक्ति है कि उनके जैसा गरीब और पिछड़े परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति भारत का प्रधानमंत्री बना।' उन्होंने कहा कि संविधान डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा तैयार किया गया। यह देश में शासन के लिए एक पवित्र पुस्तक है। मोदी ने कहा कि संविधान सभा के 80 से 90 प्रतिशत सदस्य सनातनी (हिंदू धर्म और दर्शन में विश्वास रखने वाले) थे और विपक्ष द्वारा संविधान पर कोई भी हमला सनातनियों पर हमले के समान है। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक का बहिष्कार किया, जो पूरी तरह से भारत की परंपरा के खिलाफ है। देश की जनता उनके ऐसे असहिष्णु कृत्य के लिए उन्हें उचित सबक सिखाएगी। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार और जंगलराज की प्रतीक पार्टी है। उन्होंने कहा कि राजद का चुनाव चिह्न लालटेन है और बिहार लालटेन युग से बाहर निकल चुका है और कोई भी दोबारा उस युग में लौटने को तैयार नहीं है। यहां तक कि लालटेन से सेल फोन भी चार्ज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने युवा मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे इस बात पर ध्यान न दें कि राजद नेता और इंडिया गठबंधन के अन्य नेता क्या प्रचार कर रहे हैं।

## बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दल रवाना



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच हेलीकॉप्टर से मतदानदलों को रवाना किया गया। ये मतदान दल बीजापुर, सुकमा तथा कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किए गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 150 मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया जाना है, जिसमें से 75 को रवाना किया गया है। इनमें कोंटा के 26, नारायणपुर के 33 और बीजापुर के 76 हैं। बस्तर लोकसभा चुनाव में एक हजार 957 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें 590 अतिसंवेदनशील हैं। 234 नक्सलियों के कारण विस्थापित किए गए हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में इस बार 118 नए मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। लगभग 3000 वर्ग किमी का क्षेत्र नक्सलियों के प्रभाव से सुरक्षा बलों ने मुक्त कराया है, जिसके बाद ये केंद्र बनाए गए हैं। बस्तर रेंज पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने मतदानकर्मियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए हवाई और सड़क मार्ग, दोनों साधनों का उपयोग करते हुए कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल को बनाए रखने के संकल्प की बात कही।

## चुनाव में मतपत्र, 100 फीसदी वीवीपैट पर्ची की गिनती बड़ी चुनौती

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्ची की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने को मंगलवार को अव्यवहारिक होने का संकेत दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में मतपत्रों से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में पुरानी मतपत्र या वीवीपैट की 100 फीसदी की गिनती व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत बड़ी चुनौती वाल कार्य होगा है। उन्होंने कहा,60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था, आप (अधिवक्ता प्रशांत भूषण) भी जानते होंगे। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा अदालत बूथ कब्जा की घटनाओं का जिक्र कर रही थी। इस पर पीठ ने कहा,हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम सभी मतपत्र प्रणाली की कमियां जानते हैं। भूषण ने कहा कि हेरफेर की आशंका के कारण अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने दावा किया कि चूंकि ईवीएमएस में लगे चिप्स का ïत कोड नहीं दिखाया जाता। इस वजह से उस पर अधिक संदेह पैदा हुआ। उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल और मतपत्रों की वापसी के खिलाफ जर्मनी की संवैधानिक अदालत के फैसले का जिक्र किया, तो पीठ ने कहा हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति दत्ता ने पीठ की ओर से कहा,जर्मनी की जनसंख्या कितनी है? हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती। यहां तक ??कि यहां के पश्चिम बंगाल राज्य की जनसंख्या भी किसी भी यूरोपीय देश से अधिक है। हमें किसी पर भरोसा करने की जरूरत है। भूषण ने सुब्रमण्यम स्वामी मामले में शीर्ष अदालत के आदेश का भी हवाला दिया, जिसमें ईवीएम में वीवीपैट के इस्तेमाल पर जोर दिया गया था। उन्होंने एक निजी सर्वेक्षण का हवाला देते हुए दावा किया कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से जानना चाहा कि क्या मतदान होने के बाद मशीन को कुछ तकनीकी निरीक्षण के लिए रखा जा सकता है।

## रामनवमी को शुष्क दिवस घोषित

**रायपुर।** रामनवमी को छत्तीसगढ़ राज्य में 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। 'शुष्क दिवस' के दौरान प्रदेश के जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि दुकानों को बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी दुकान, होटल, रेस्टॉरेन्ट, क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान / व्यक्ति, चाहे वह जो भी हो, को मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी उपरोक्तानुसार घोषित 'शुष्क दिवस' में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक रहेगी और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त जिला कार्यालयों तथा संभागीय एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाये, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जावे एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जावे। उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

## हार निश्चित देखकर बौखला गए हैं कांग्रेसी : साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com







लोकसभा में अपनी हार निश्चित देखकर प्रदेश के कांग्रेसी बौखला गए हैं। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार अमर्यादित बयान दे रहे हैं। कोई लाठी से सर फोड़ने की बात कह रहा तो कोई डिफाल्टर बोल रहा है। कांग्रेसियों की मोदी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी बहुत ही शर्मनाक है। इसका करारा जवाब देना है, कांग्रेस को सबक सिखाना है। रायगढ़ में आयोजित विशाल नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है। साय ने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के सुशासन की सरकार में जनहित का सब काम सांय-सांय हो रहा है। 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में जो बचे हुए वादे हैं उसको भी विष्णु सरकार 5 साल में सांय-सांय पूरा करेगी। साय ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में कहा कि हमने देशवासियों के हित के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। जिसे मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। इसलिए मोदी को चुनिए, संकल्प पत्र का सभी वादा पूरा होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को जनसेवा का लम्बा अनुभव है। उन्होंने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, एसटी मोर्चा और किसान मोर्चा सब में काम किया। राधेश्याम राठिया को काम करने का लम्बा अनुभव है और वे मृदुभाषी और कर्मठ हैं। उनको कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। ये आप सभी से आग्रह करने आया हूँ।

## ज्योत्सना महंत के नामांकन में पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता



पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने शुभ मुहुर्त में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उपस्थित रहे। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के मात्र 2 सांसद भाजपा के 9 सांसदों पर भारी थे। पूरे 5 साल छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए हम अधिकारों के लिए लगातार लड़ते रहे। वे पूछते हैं कि 5 साल तक मैंने क्या कि तो वे जनता को बताएं कि 10 साल तक उन्होंने क्या किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि न्याय पत्र की गारंटी कांग्रेसियों को घर-घर पहुंचाना है। डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम, अर्चना पोर्ते ने भी अपनी बात रखी।

# आम आदमी को राम-राम, माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य : योगी

वार्ता ◄ बिजनौर
www.dailypioneer.com

किसी दल विशेष का नाम लिये बगैर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर हैं और माफिया तत्वों को नेस्तानाबूद करने में भी समय नहीं लगाती है। नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया। उन्होने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है।

कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं।



उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो पीएम मोदी ने 'भारत रत्न' देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया। संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं। योगी ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं। उनके साथ जनता का आशीर्वाद है, इसलिए ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। सीएम ने सभी मतदाताओं से मतदान करने व अन्य लोगों से भी करवाने का आग्रह किया। बोले कि वोट डालने जरूर जाना।

# ट्रक और बस की टक्कर में ड्राइवर समेत 2 की मौत, कई यात्री घायल




एजेंसी ◄ अंगुल/कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा से पुरी जा रही डॉल्फिन बस सर्विस की एक यात्री बस मंगलवार सुबह दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि यात्रियों से भारी डॉल्फिन बस ओडिशा के अंगुल के पास हादसे का शिकार हो गई। जहां सड़क पर खड़े ट्रक में बस जा घुसी। इस हादसे के बाद हड़कंप मच गया। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। सभी को बस से बाहर निकाल कर अस्पताल के लिए रवाना किया। इस हादसे में बस के चालक और उसके साथी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम छह बजकर 10 मिनट पर कोरबा टीपी नगर बस स्टैंड से पुरी के लिए डॉल्फिन बस सर्विस रवाना हुई थी। जिस पर 15 लोग सवार थे। वहीं रायगढ़ में लगभग 11 लोग और सवार हुए लगभग 26 लोग यात्रा कर रहे थे। जहां डॉल्फिन बस ओडिशा पहुंचते ही अंगुल के पास सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकराई। यह हादसा तड़के सुबह लगभग पांच बजे हुआ। इस हादसे में चालक की मौत हो गई। वहीं हेल्पर को भी गंभीर चोट आई है। इसके अलावा आधा दर्जन यात्री भी घायल हो गए हैं। जिन्हें पास स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोरबा से पुरी जाने वाली इस बस में सवार दर्री कोरबा के एक परिवार के सदस्य कमलेश साहू ने बताया कि ओडिशा के अंगुल से लगभग 15 किलोमीटर दूर बस रेत परिवहन कर रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस की केबिन चिपक कर माचिस की डिबिया बन गया। बस चालक और उसके चालक साथी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बस का हेल्पर किसी तरह केबिन से बाहर आया। उसकी भी हालत गंभीर है। कमलेश साहू ने बताया कि बस में सवार दर्जनों लोगों को काफी चोट आई है। अधिकांश लोगों के सिर में चोट आई है। बस के एजेंट की मानें तो मृतक तारा प्रसाद 30 वर्षीय की मौत हो गई है और बाकी को मामूली चोट आई है।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नामांकनपत्र किया दाखिल



एजेंसी ◄ शिवपुरी
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में अपना नामांकनपत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इस बार गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से सिंधिया की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस बार सिर्फ गुना में ही नहीं, बल्कि राज्य में सभी 29 सीटों पर ही भाजपा की विजय होगी। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश में लहर चल रही है और जनता हमें प्रदेश की सभी सीटों पर विजय दिलाएगी।

# कांग्रेस विधायकों को पैसों की पेशकश कर रही भाजपा : सिद्दारमैया

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर उनकी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस विधायकों को पैसों की पेशकश कर लुभाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। 'ऑपरेशन लोटस पॉलिटिक्स' का जिक्र करते हुए सिद्दारमैया ने भाजपा के इन प्रयासों को आगामी लोकसभा चुनावों में हार के डर से उपजी हताशापूर्ण कार्रवाई करार दिया और मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी को वोट देने का आह्वान किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, चुनाव में हार के डर से, भाजपा नेता हमारे विधायकों को लुभाने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा कर्नाटक में हमारी सरकार बनने के दिन से ही हमारे विधायकों को पैसे की



पेशकश शुरू कर दी। 'ऑपरेशन लोटस' की राजनीति अब नहीं चलेगी। उनकी हार निश्चित है। सिद्दारमैया ने लोगों से 'संविधान बचाने' के साधन के रूप में कांग्रेस पार्टी को वोट देने का भी आग्रह किया। सिद्दारमैया ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के किसी भी क्षरण के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं, जो समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे। उन्होंने कहा, संविधान पर किसी भी खतरे का मतलब महिलाओं, गरीबों, मध्यम वर्ग, शूद्रों और देश के मेहनतकश लोगों के जीवन तथा भविष्य के लिए खतरा है। सिद्दारमैया ने नागरिकों से आगामी लोकसभा चुनाव को लोकतंत्र को बनाए रखने और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को हराने के अवसर के रूप में लेने का आह्वान किया। कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटों का योगदान होने के कारण राज्य के चुनावी नतीजे राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण महत्व रखते हैं। राज्य के मतदाता 26 अप्रैल और सात मई को दो चरणों में मतदान करेंगे जिससे कर्नाटक आगामी चुनावों में एक प्रमुख युद्धक्षेत्र बन जाएगा। इससे पहले हुए वर्ष 2019 के चुनावों में कांग्रेस और जनतादल (सेक्युलर) गठबंधन को बड़ी हार का सामना करना पड़ा, जबकि भाजपा ने कर्नाटक में रिकॉर्ड 25 सीटें हासिल कीं। इस चुनावी झटके ने संभवतः राज्य में फिर से अपनी पकड़ बनाने और भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए कांग्रेस के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा दिया है।

# भाजपा ने जारी की 12वीं सूची, सात उम्मीदवार घोषित

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों की 12वीं सूची में उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल की सात सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिये। पार्टी ने इसके साथ ही तेलंगाना एवं उत्तर प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव तथा ओडिशा विधानसभा के चुनाव में 21 उम्मीदवारों की आज घोषणा की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत 12वीं सूची के अनुसार महाराष्ट्र के सातारा में छत्रपति उदयनराजे भोंसले को तथा पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से अभिजीत दास को उतारा गया है। उत्तर प्रदेश की फिरोज़ाबाद सीट से ठाकुर विश्वजीत सिंह तथा देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। पंजाब की खडूर साहिब सीट से मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड को, होशियारपुर से अनीता सोम प्रकाश को तथा बठिंडा से पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू को उतारा गया है। विधानसभा उपचुनावों में तेलंगाना की सिकंदराबाद छावनी सीट से डॉ. टी एन वामशा तिलक तथा उत्तर प्रदेश की ददरौल सीट से अरविंद सिंह, लखनऊ पूर्व से ओ पी श्रीवास्तव को, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू और दुद्धी से श्रवण गोंड को उतारा गया है। ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए दूसरी सूची में भाजपा ने 21 उम्मीदवार घोषित किये हैं जिनमें दो महिलाएं हैं।

# बस दुर्घटना में 5 लोगों की मौत पर नवीन पटनायक ने की मृतकों के परिजनों का 3-3 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा

एजेंसी ◄ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत पर मंगलवार को गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि सोमवार रात कोलकाता जा रही एक निजी बस जाजपुर जिले के बारबाटी के पास फ्लाईओवर से लगभग 20 फुट नीचे गिर गई, जिसके कारण पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पटनायक ने जिला प्रशासन को सभी घायलों का उचित उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है और




उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि शुरुआत में सभी घायल यात्रियों को धर्मशाला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उनमें से 21 को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। गंभीर रूप से घायलों में से कम से कम पांच यात्रियों को अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है, जबकि जिला प्रशासन ने अन्य यात्रियों को कोलकाता भेजने के लिए विशेष व्यवस्था की है।

# सुखबीर सिंह बादल ने विश्वसनीयता खो दी है : बरसट

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब आम आदमी पार्टी के महासचिव एवं पंजाब मंडी बोर्ड अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट ने मंगलवार को कहा कि शिरोमणि अकाली दल बादल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने अपनी प्रतिष्ठा और जनता का विश्वास खो दिया है। बरसट ने कहा कि सत्ता के दौरान सुखबीर सिंह बादल अपने निजी कारोबार को बढ़ाने के लिये अपनी ताकत का दुरुपयोग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुमेध सिंह सेनी को पंजाब पुलिस के प्रमुख बना कर लोगों पर दवाब बनाते रहे हैं। बादल पंजाब के लोगों को बिजली सुविधा देने के नाम पर लोगों को बिजली चोरी करने के लिये उकसाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींढसा के व्यवहार के बाद समूची अकाली नेतृत्व ने भी विश्वास खो दिया है, जिसके परिणाम भुगतने के लिये सुखबीर बादल को तैयार रहना चाहिये। बरसट ने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जुमले को समझ चुके हैं, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भारत का विकास रुक गया है। विकास तो सिर्फ बड़े पूंजीपतियों का हुआ है। भारत की जनता महंगाई, बेरोजगारी, रुपये की गिरती कीमत, महंगी शिक्षा और महंगी स्वास्थ्य सेवाओं से पूरी तरह परेशान है।


# दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ से किया नामांकन पत्र दाखिल



एजेंसी ◄ राजगढ़
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकनपत्र दाखिल किया। सिंह ने यहां जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष विधिवत तरीके से नामांकनपत्र पेश किया। इसके पहले उन्होंने इस अंचल के प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर में दर्शन किए। राजगढ़ में सिंह का मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद रोडमल नागर से है, जो पहले ही अपना नामांकनपत्र पेश कर चुके हैं।

# ओमान में बाढ़ से 17 लोगों की मौत



एजेंसी ◄ मस्कट
www.dailypioneer.com

ओमान में भारी बाढ़ के कारण नौ स्कूली बच्चों सहित 17 लोगों की मौत हो गई। अल अरबिया प्रसारक ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक बचावकर्मी प्रभावित क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ओमान में पिछले कुछ दिनों में लगातार बारिश होने के कारण बाढ़ आ गयी है।

# संविधान में कोई बदलाव नहीं होगा : देवेगौड़ा

**तुमकूर।** जनता दल (एस) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को 400 सीटें मिलने पर भी संविधान में कोई संशोधन नहीं होगा। देवेगौड़ा ने यहां पत्रकारों को कहा ''प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि संविधान में बदलाव का कोई प्रश्न ही नहीं है, मोदी ने स्पष्ट किया कि अगर अम्बेडकर का पुर्नजन्म भी हुआ तो भी वह इसे बदलने पर विचार नहीं कर करेंगे।

# झेलम में नाव पलटने से छह लोगों की मौत, कई लापता

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में गंडबल से बटवारा जा रही एक नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दुर्घटना प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में हुआ है और हादसे के समय स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोगों को लेकर जा रही थी। श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने कहा कि वे पता लगा रहे हैं कि नाव में कितने लोग सवार थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जहां तक शुरुआती जानकारी है, नाव में 15 लोग सवार थे और उनमें से सात नाबालिग थे और बाकी वयस्क थे। हमने 12 लोगों को नदी से निकाला है और उनमें से छह की दुर्भाग्य से मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि घायलों का तीन का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, इस समय, दो बच्चों समेत तीन लोग लापता हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल सहित कई एजेंसियों द्वारा राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सेना के विशिष्ट मरीन कमांडो को भी सतर्क कर दिया गया है। हादसे के चश्मदीद उत्तर प्रदेश निवासी दूधनाथ ने कहा कि नाव पलटने के बाद उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर तीन लोगों को बचाया। उन्होंने कहा, नदी पार करने में मदद करने वाली रस्सी के अचानक टूट जाने से नाव पलट गई। मैंने यात्रियों को मदद के लिए पुकारते देखा। मैंने अपने भाई के साथ मिलकर तीन को बचाया।÷ इस घटना के बाद इलाके में निराशा का माहौल है और निवासी क्षेत्र में पुल का निर्माण नहीं करने के लिए सरकार पर निशाना साध रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने गुस्से में कहा, गंदबल में पुल पिछले दो दशकों से निर्माणाधीन है। स्थानीय लोगों को पार करने के लिए नावों का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यदि पुल का निर्माण समय पर किया गया होता, तो शायद इस घटना से बचा जा सकता था। उल्लेखनीय है कि कश्मीर में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण झेलम सहित कई जल निकायों का जल स्तर बढ़ गया है। झेलम श्रीनगर में बाढ़ के खतरे के स्तर के करीब बह रही थी। इस बीच, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वह स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीनगर में एक नाव दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें इस अपार क्षति को सहने की शक्ति दें। एसडीआरएफ, सेना और अन्य एजेंसियों की टीमें राहत और बचाव कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा, प्रशासन उन शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं, उन्हें चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मार्कोस टीमों को भी सतर्क कर दिया गया है। मैं लगातार स्थिति पर नजर रख रहा हूं और मैदान पर टीम का मार्गदर्शन कर रहा हूं। नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला व उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती तथा सज्जाद लोन, अल्ताफ बुखारी और अल्ताफ ठाकुर सहित कई जम्मू-कश्मीर राजनेताओं ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# राजधानी पटना में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को ऑटो रिक्शा और क्रेन के बीच हुयी टक्क र में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ऑटो रिक्शा पर सवार लोग जा रहे थे तभी राम लखन पथ पर ऑटो रिक्शा पटना मेट्रो के निर्माण कार्य में लगे क्रेन से टकरा गयी। इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मृतक रोहतास, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और वैशाली के रहने वाले हैं। मृतकों की तत्काल पहचान नहीं की जा सकी है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और ईश्वर से मृतकों के परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की।

# मतदान दल विश्वास के साथ मतदान कार्य को करें संपादित : कलेक्टर दयाराम के.

## मतदान कर्मियों के तृतीय चरण प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन कर्मियों को किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करवाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दलों के कर्मियों को तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्याज्योति स्कूल में आयोजित किया गया, प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतदान दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों के विश्वास और कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करवाने की भावना ही प्रोत्साहित करेगा। कलेक्टर ने संगवारी मतदान केंद्रों के महिला मतदान कर्मियों पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वे मतदान करवाने के मिले दायित्व का बेहतर तरीके से संपादित करवाएँगे। उन्होंने कहा कि टीम में विश्वास बनाए रखना है,घबराए नहीं, मतदान कार्य में सहयोग के लिए प्रशासन के सभी अधिकारी आप लोंगों के केंद्रों के आसपास रहेंगे। कलेक्टर ने मतदान दलों को सभी पपत्र को भरकर लाने के निर्देश दिए साथ ही सुबह के पहर में और दोपहर तीन बजे के बाद भीड़ को जल्द मतदान की प्रक्रिया करवाने की मेहनत करने पर जोर दिया। इसके अलावा मतदान केंद्र के बाहर बीएलओ के द्वारा सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे उनसे मतदान कर्मी समन्वय बनाकर रखने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी शंकाओं का निराकरण प्रशिक्षण में करने कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान विद्याज्योति स्कूल में डाकमत पत्र सुविधा केंद्र और निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के लिये बनाए सुविधा केंद्र का भी जायज़ा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, ऋषिकेश तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एम चंद्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### लोकतंत्र के पर्व में मतदाता अपने मताधिकार का करें उपयोग : विजय दयाराम के.

मतदान करना सभी मतदाता का अधिकार है, लोकतंत्र के पर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने घरों से निकले नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर वोट दें उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में चेंबर्स ऑफ कॉमर्स, एनजीओ संचालकों, व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों से मतदान करने और करवाने हेतु चर्चा के दौरान कही। कलेक्टर ने कहा कि जगदलपुर शहर में अधिक से अधिक मतदाता को लोकतंत्र के पर्व हिस्सा लेकर एक उदाहरण प्रस्तुत करें ताकि बस्तर की अन्य गतिविधियों के लिए बनी नकारात्मक छवि को दूर करने में एक प्रयास हो। उन्होंने कहा कि शहर के मतदान केंद्रों को संगवारी मतदान केंद्रों के तहत महिला कर्मियों द्वारा संचालित की जाएगी, मतदान कर उनका हौसला अफजाई भी करें। मतदान दिवस में व्यवसाय करने के साथ-साथ वोट करने के अपने दायित्व को पूरा करें। साथ ही आपके संस्था या दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा परिवार के सदस्यों, अपने मित्रों को भी अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा वृद्धजनों, दिव्यांग जनों के लिए मतदान स्थल तक पहुँचाने और वापस घर छोड़ने के लिए दिव्यांग रथ की सुविधा दी जा रही है। व्यापारियों ने प्रशासन द्वारा संगवारी मतदान केंद्र का संचालन की सराहना किए। साथ उनके द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने में सभी संस्थानों का सहयोग की बात कही। प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए परिवार सहित सेल्फी लेने की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें पूरे परिवार के साथ सेल्फी लेकर प्रशासन द्वारा दी जाएगी नंबर में भेज सकते है। उनको प्रोत्साहित करने के लिए 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स, एनजीओ संचालकों, व्यापारी संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मतदान करने की अपील वाला पोस्टर को उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को दी गई साथ ही कलेक्टर ने सभी को मतदान करने का शपथ भी दिलवाया।

# सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ जे गणेशन ने सोमवार को स्थानीय शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर में बनाये गए ईव्हीएम स्ट्रांग रूम तथा मतदान समाग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सर्वप्रथम मतदान हेतु मतदान दलों को मतदान समाग्री वितरण हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मतदान दलों के लिए आधारभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु बनाये गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए ईव्हीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए मतदान समाग्री वितरण हेतु की गई सभी तैयारियों की जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने उन्हें जिला प्रशासन की तैयारियों से अवगत कराया वहीं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान दलों की सुरक्षा तथा दलों के सुरक्षित आवागमन हेतु व्यवस्थाओं की उन्हें जानकारी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, एसडीएम निकिता मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

### देवखर गांव में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के नेतृत्व में निकाली गई बाईक रैली

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के उत्तर मंडल देवखर गांव में भाजपा के युवा संगठन ने एक बाइक रैली और युवा संवाद का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महेश कश्यप को लोकसभा चुनाव में समर्थन प्राप्त करना था। रैली में भाग लेने वाले युवा समुदाय के सदस्यों ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना समर्थन जाहिर किया।

# विधानसभा वार मतदान दलों और माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेंडमाईजेशन



पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्र और संगवारी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन प्रेक्षक जे. गणेशन की उपस्थिति में किया गया। प्रेक्षक गणेशन नारायणपुर जिले के एनआईसी कक्ष से जुड़े हुए थे। विधानसभा क्षेत्र कोंडागाँव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा (सुकमा) के जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ऑनलाइन रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया किया गया।

जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के नेतृत्व में तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा क्षेत्र में 10 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 05 युवा मतदान केंद्र, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में 101 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 05 युवा मतदान केंद्र और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 14 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 05 युवा मतदान केंद्र सहित सभी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों, रिजर्व मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इसके अलावा माइक्रो ऑब्जर्वरों का भी रेंडमाईजेशन किया गया।

### चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर दंतेवाड़ा कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुवेदी के आदेशानुसार तथा स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवम नगरीय निकाय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं।जिसके तहत मंगलवार को किरन्दुल उड़िया कैम्प, रामपुर कैम्प, बैगा कैम्प लक्ष्मणपुर कैम्प में मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान करने हेतु जागरूक करने के साथ ही संकल्प दिलाया गया। मौके पर मतदाताओं की सूची चस्पा एवं पर्ची वितरण की गई। इस दौरान बीएलओ विजेंद्र गुप्ता, अनिल यादव, नागेश चौरे, चंद्रमणि साहू,उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि को की गई महागौरी की पूजा



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को किरन्दुल स्थित श्री राघव मंदिर में माता के महागौरी स्वरूप की पूजा की गई। श्री राघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने जानकारी दी कि मां महागौरी, मां दुर्गा का आठवां स्वरूप है। इन्हें आठवीं शक्ति कहा जाता है। महागौरी हीं शक्ति मानी गई हैं। पुराणों के अनुसार, इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाशमान है। दुर्गा सप्तशती के अनुसार, शुंभ निशुंभ से पराजित होने के बाद देवताओं ने गंगा नदी के तट पर देवी महागौरी से ही अपनी सुरक्षा की प्रार्थना की थी। मां के इस रूप के पूजन से शारीरिक क्षमता का विकास होने के साथ मानसिक शांति भी बढ़ती है। माता के इस स्वरूप को अन्नपूर्णा, ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी भी कहा जाता है।

### मतदान केन्द्र की गतिविधियों पर रखें पैनी नजर, प्रेक्षक जे गणेशन

**कोंडागांव।** लोक सभा आम चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र की गतिविधि पर नजर रखने का कार्य माईक्रो आब्जर्वर द्वारा की जाएगी। सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में प्रेक्षक जे गणेशन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत भी उपस्थित थे। इस बैठक में गणेशन ने कहा कि, मतदान के दौरान चुनाव के हर कार्यकलापों पर पैनी नजर रखने की जिम्मेवारी माइक्रो ऑब्जर्वर को होगी।


Piramal
Capital & Housing Finance

**पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय पता:** यूनिट नं. 601, 6वीं मंजिल पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई–400070
सीआईएनः L65910MH1984PLC032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा का पताः धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भूतल और प्रथम तल, एक्सिस बैंक के साथ में, मोनालिसा बिल्डिंग के समाने, आगरा रोड, हरि निवास सर्कल, नौपाड़ा, ठाणे (पश्चिम)–400602

**मांग सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन के तहत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी कर आव्हान किया है निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता") को जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दिया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर पीसीएफएल को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। नीचे दी गई तारीखों से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय, उक्त मांग नोटिस में बताए गए अतिरिक्त ब्याज के साथ, नीचे दर्शाई गई राशियाँ, यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा पीसीएफएल को गिरवी रखा गया है।

| उधारकर्ता/गारंटर्स का नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि साथ में एन पी ए की तिथि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|
| (बिलासपुर शाखा का एलसी नं. BLSA00003904) सुदेश नामदेव (उधारकर्ता) शालिनी नामदाव (सह–उधारकर्ता 1) | 23-03-2024 / रु. 11,02,535.38 (रु. ग्यारह लाख दो हजार पांच सौ पैंतीस और पैसे अड़तीस मात्र) एनपीए (05-03-2024) | ईडब्लूएस मकान नं. 122, "अटल विहार स्कीम सी.जी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी", मौजा - चिल्हाटी ख नं. 267/1, 317/3, 318, पी एच नं. 19, आर.एन.एम. मैपका, तह और जिला - बिलासपुर (सी.जी.) 495006 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार पीसीएचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर होगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा। **हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)**

**दिनांकः 17.04.2024, स्थानः छत्तीसगढ़** **पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



फार्मेट सी–2

दल द्वारा खड़े किए गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम – **इंडियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम – **लोकसभा आम चुनाव–2024**

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम – **छत्तीसगढ़**

| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि | |
| स.क. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध(धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | श्री कवासी लखमा | 10 | बस्तर–अजजा | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना–ईओडब्ल्यू, रायपुर) (FIR No. 04/2024, Dt. 17.01.2024) | धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 व धारा–420, 467, 468, 471, 120 बी, भा.दं.वि. संक्षित विवरण :– श्री हेमंत उप–निदेशक प्रवर्तन निदेशालय, रायपुर की ओर से सूचनार्थ पर श्री फरहान कुरैशी, उप–पुलिस अधीक्षक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर के द्वारा अपराध पंजीबध्द किया गया। जिस पर विवेचाना जारी है। | लागू नही | लागू नही |
| | | | | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना–कोतवाली, जगदलपुर) (FIR No. 155/2024, Dt. 25.03.2024) | धारा–171 बी, 171 ग, 171 ई एवं 188 भा.दं.वि. तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा – 123 संक्षित विवरण :– विवेचना जारी है। | लागू नही | लागू नही |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधानसभा सदस्यों द्वारा, विधानपरिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**



**फार्मेट सी–7**

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :– **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम :– **लोकसभा चुनाव वर्ष–2024**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– **छत्तीसगढ़**
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– **लोकसभा क्षेत्र क्रं.–10 बस्तर (अजजा)**
अभ्यर्थी का नाम :– **श्री कवासी लखमा**

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आपराधिक पूर्ववृत | | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 व धारा–420, 467, 468, 471, 120 बी, भा.दं.वि. 2. धारा–171 बी, 171 ग, 171 ई एवं 188 भा.दं.वि. तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा – 123 |
| | ख | मामला संख्या | 1- FIR No. 04/2024, Dt. 17.01.2024 2- FIR No. 155/2024, Dt. 25.03.2024 |
| | ग | न्यायालय का नाम | नही है |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | | जिस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, उससे संबंधित कौशल संचार नेतृत्व, समस्या समाधान जैसे क्षेत्रों में दक्षता भी महत्वपूर्ण है। राजनैतिक प्रणाली के कामकाज का बेहतर ज्ञान मतदाताओं के बीच लोकप्रियता व्यापक स्तर पर लागों से अपील करने और जनता का समर्थन आकर्षित करने की क्षमता, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखने की क्षमता, उम्मीदवार को पार्टी की विचारधारा मान्यताओं और मूल्यों के प्रति कटिबद्ध होने के कारण चुना गया है। |
| 3 | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | | पार्टी उम्मीदवार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, स्थानीय बोली व भाषा का व्यापक ज्ञान जैसे कारक उम्मीदवार के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्मीदवार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीदवार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीदवार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

# डांडिया के माध्यम से दिए शत प्रतिशत मतदान का संदेश

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजहर
www.dailypioneer.com

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज नवरात्र के सातवें दिन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पलारी में भी स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे भी शामिल हुई। उक्त आयोजित




डांडिया समारोह में प्रतिभागियों ने डांडिया कर जिले वासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तख्ती एवं पोस्टर के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतों उपयोग करनें संदेश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा यह लोकतंत्र का उत्सव है जो पांच साल में एक बार आता है. अतः इस ऐतिहासिक उत्सव में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। इस मौके जिला पंचायत सीईओ सुदिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई,साक्षर भारत सोमेश्वर राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरों में जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गई।

## ठाकुर देव विवाह महोत्सव,5 दिनों तक लगातार कीर्तन, अपेरा व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ ओडिसा के सीमावर्ती ग्राम नयागांव (मुड़पहार) में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 5 दिवसीय श्री ठाकुर देव विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसिद्द ओड़िया धार्मिक कार्यक्रम धनुयात्रा के आयोजन के साथ साथ अपेरा, महिला कीर्तन, मीना बाजार, कंस दरबार के साथ ही अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक ग्रामवासियों ने जानकारी देते हुवे बताया कि आगामी 16 से 20 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का यह तृतीय वर्ष है। ग्राम में श्री ठाकुर देव विवाह महोत्सव के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी विशाल भव्य मेला का शुभारंभ 16 अप्रैल को समलेश्वरी कीर्तन मण्डली गहनाखार (गायिका सुशीला झांकर (वादक-तरूणी भाई) पठारी महिला कीर्तन मण्डली पलसदा (ओडिसा) (गायिका पुजासिंह बरिहा (वादक-श्याम विशाल), जय मा पूर्णमासी महिल कीर्तन मण्डली अंतरझोला (स्कुलपारा) गायिका-जयंती वर्गे (वादक-जयलाल प्रधान) मानस कीर्तन मण्डली नवागांव (गायक-उपमन्युं मटारी (वादक-राजेन्द्र मलिक) के कीर्तन व भजन से प्रारम्भ होगा । 17 अप्रैल को रस मंदार दण्ड नृत्य (मकसीर दुलिया, रिना कुम्हार गुरूपाली (उड़िसा), तीसरे दिन 18 व 19 को अप्रैल को गणेश अपेरा गौटिया पार्टी जट्टला (उड़िसा)का कार्यक्रम होगा। अंतिम दिन 20 अप्रैल को धनुयात्रा के दौरान कंस वध के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजक ग्रामीणजनों ने बताया कि इन 5 दिनों में कार्यक्रम ने आने वाले सभी श्रद्धालुओं व भक्तगणों के लिए प्रत्येक रात्रि भण्डारा की व्यवस्था की जाती है। प्रत्येक दिन कंस दरबार आयोजन बरगढ़ के महाराज सुशील कुमार नायक, मीना बाजार का आयोजन दिलीप बाग व पार्किंग व्यवस्था नरोत्तम दास द्वारा की गई है।

## ग्राम कोकड़ी बलौदा बजार में नौ दिवस राम श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजाह
www.dailypioneer.com

ग्राम कोकड़ी बलौदा बजार में नौ दिवस राम श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जय श्रवण महाराज के द्वारा भागवत कथा कहीं जा रही है कल सातवें दिन कांचवड़ और रुक्मणी विवाह की कथा महाराज जी के द्वारा सुनाई गाई जिसमें कथा का विस्तार पूर्वक महाराज जी के द्वारा बताया गया तथा वासुदेव भगवान कृष्ण जी को लेने गए तो गोपियां किस प्रकार से विचलित हुई और कृष्ण जी को हम नहीं जाने देंगे, इस प्रकार का वर्णन महाराज के द्वारा किया गया और अंत में यह बताया गया कि श्री कृष्ण और रुक्मणी जी का विवाह किस प्रकार संपन्न हुआ जिसमें भी महाराज जी के द्वारा कथा में यह बताया गया कि रुक्मणी जी साक्षात लक्ष्मी सरूपा हैं और हमें उनका नित्य पाठ करना चाहिए तथा रुक्मणी कृष्ण के विभाग की जो लीलाएं हुई हैं और जो कथाएं हुई इसका विस्तार पूर्व वर्णन किया गया जिससे जन जन को अनंत आनंद की प्राप्ति हुई और उन्हें कृष्ण रुक्मणी विवाह की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। श्री मद भागवत कथा का आयोजन 9अप्रैल से 17 अप्रैल तक किया जा रहा हैं जिसका भक्तो द्वारा अत्यंत हर्षपूर्ण आनंद लिया जा रहा है।

## 35 किलो मुफ्त चावल योजना के बंद होने का भ्रम फैलाने के बजाए भूपेश बताएं इनकी सरकार में कैसे हुआ 5000 करोड़ रुपए का चावल घोटाला : रितेश श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजाह
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल अपनी सभाओं में छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी के गारंटी को लेकर दुष्प्रचार करने में जुटे हैं। भूपेश ने अपने एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रति परिवार मिलने वाला 35 किलो चावल 5 किलो प्रति व्यक्ति हो जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस जानती है कि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर इस बार लोकसभा चुनाव में उसके एक भी प्रत्याशी जीतने वाले नहीं हैं। अब तो कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों को खुद की जमानत जब्त होने का डर सता रहा है। इसलिए भूपेश बघेल भी प्रति परिवार मुफ्त 35 किलो चावल और राशन सामग्री बंद हो जाने का जनता के बीच भ्रम



फैलाने में जुटे हैं। यह भूपेश बघेल और कांग्रेस की घटिया सोच को दर्शाता है कि कभी पीएम मोदी को गाली देना तो कभी मोदी की गारंटी को लेकर दुष्प्रचार करना। लेकिन जनता जानती है कि कांग्रेस ने जैसे प्रदेश में सत्ता पाने के लिए महिलाओं और युवाओं से झूठे वादे किए थे, ठीक उसी तरह से कांग्रेस अपने झूठे न्याय पत्र से केंद्र की सत्ता पाने के लोभ में मोदी की गारंटी पर भ्रम फैलाना शुरू कर दिया है। श्रीवास्तव ने आगे कहा कि, गरीबों को प्रति परिवार 35 किलो चावल और अन्य सामग्री के वितरण करने की योजना केंद्र की मोदी सकार की है। लेकिन भूपेश बताएं कि जब उनकी छत्तीसगढ़ में सरकार थी तो गरीबों के 5000 करोड़ रुपए का चावल घोटाले हुआ था। इसकी निष्पक्ष जांच क्यों नहीं हुई? भूपेश बघेल सरकार के दौरान कैसे चावल घोटाला सांय सांय हो रहा था तो वे क्यों चुप थे, इसके कारण भी जनता को बताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी में गरीबों के हितों में चल रही है वह सांय सांय भ्रष्टाचार से मुक्त होकर चलेंगीं। लेकिन कांग्रेस की भूपेश सरकार ने चावल, कोयला, डीएमएफ फंड सहित कई घोटाले किए है। जांच के बाद इनके करीबी जेल की हवा खा रहे हैं। भाजपा ने कहा भूपेश ने कैसे गौठान के नाम पर गोबर तक को हजम कर गए। इसको भी सांय-सांय बताएं भूपेश बघेल। इनके नेता इन्हीं के सामने पीएम मोदी के सिर फोड़ने सहित आशोभनीय बात करते हैं। इसके पीछे कारण है कि कांग्रेसी अपनी हार से बौखला गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब चावल घोटाला भूपेश सरकार में हुआ था, इन्होंने खुद विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान इस बात को स्वीकार किया था और कार्रवाई चल रही है, लेकिन बाद में भूपेश अपने करीबी खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को बचाने के लिए जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। लेकिन इसकी जांच फिर से शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को थोड़ी शर्म नहीं आती है कि केंद्र की योजना को अपनी सरकार की योजना जनता को बता रहे हैं। जबकि छत्तीसगढ़ की जनता जानती है कि यह केंद्र की मोदी सरकार की योजना है। इस बार कांग्रेस की लोकसभा चुनाव में जनता जमानत जब्त करने जा रही है। बीजेपी कहती है कि भ्रष्टाचार मिटाओ तो कांग्रेस कहती है भ्रष्टाचारी बचाओ। यही फर्क है भाजपा और कांग्रेस में।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की ओर तेजी से अग्रसर : डॉ. सनम जांगड़े

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजाह
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। भारत हर क्षेत्र में तेजगति से बढ़ने वाले देशों में शुमार हो चुका है। यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकलकर आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि 2029 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। वह दिन अब दूर नहीं कि भारत विश्व गुरू कहलाएगा। आगे पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष



डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है 'बीजेपी का संकल्प, मोदी की गारंटी। जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को और इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब 3 करोड़ और गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा। इसके साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी की योजना चलेगी।

## रामनवमी पर विशाल मोटर सायकल शोभायात्रा आज

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी में श्री रामनवमीं को लेकर काफी उत्साह है। श्री रामनवमीं आयोजन समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री रामनवमीं पर्व को बडे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल मोटर साइकिल शोभायात्रा एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाना है। श्री रामनवमीं आयोजन समिति ने श्री राम भक्तों को अपील करते हुए कहा की विशाल मोटरसाइकिल शोभायात्रा 16 अप्रैल मंगलवार समय दोपहर 3 बजे श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा से निकाली जायेगी जिसमें जिले एवं



जिले के आसपास क्षेत्र के सभी श्री राम भक्तों को विशाल मोटरसाइकिल शोभायात्रा में बडी संख्या में अपने परिवार के साथ पहुंचे। विशाल मोटरसाइकिल शोभायात्रा श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर देवश्री टॉकीज रोड से निकालकर रत्नाबाँधा चौक, मकई चौक, पावर हाउस दुर्गा चौक से वापस गोल बाजार, सदर बाजार, होते हुए मां बिलाई माता मंदिर, लक्ष्मी निवास चौक, अंबेडकर चौक,म्युनिसिपल स्कूल होते हुए शिव चौक, देवश्री टॉकीज से वापस श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर के पास विशाल मोटरसाइकिल शोभायात्रा संपन्न होगी। अतः आप सभी श्री रामनवमीं आयोजन में पहुंच कर विशाल मोटरसाइकिल शोभायात्रा और विशाल शोभायात्रा को सफल बनायें।

## गंगरेल मंडल में चल रहा सघन जनसंपर्क अभियान : उमेश साहू

### जनसम्पर्क कर घर-घर जाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की दे रहे जानकारी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

अबकी बार 400 पार फिर इस बार भाजपा सरकार इसी उद्देश्य और लक्ष्य को लेकर के भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू अपने पूरे गंगरेल मंडल के सभी सदस्यों के साथ दलबल के साथ अलग.अलग टोली बनाकर अलग.अलग ग्रामों में सघन जनसंपर्क के रूप में निकल रहे हैं। घर-.घर जाकर लोगों तक पहुंच कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए फिर से केंद्र में मोदी सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं। युवा विंग युवा मोर्चा अपने टीम के साथ तथा महिला मोर्चा अलग चल रहे हैं। इसी कड़ी में गंगरेल बांध के पीछे हिस्से में बसे ग्राम उरपुटी कलारबाहरा बरबंधा सिलतरा, अरोद, हरफर, पटौद, भिड़ावर, मोंगरा गहन, कोड़ेगांव बी, बारगरी में सघन जनसंपर्क अभियान किया गया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही लगभग अधिकांश



घोषणा पत्र को पूरा होते देख लोगों का विश्वास भाजपा की ओर सहर्ष बढ़ रहा है और लोग जनसंपर्क अभियान से स्वतः जुड रहे है। गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू का विश्वास है की वह इस बार ऐतिहासिक रूप से जीत दर्ज कराएंगे जिसमें उनके कार्यकर्ताओं की कठोर परिश्रम की सबसे बड़ी भूमिका होगी।

## समय-सीमा में करें सभी कार्यों का निपटारा : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजाह
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल.चौहान ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित समय- सीमा की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर कार्यों का निपटारा समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर, वेबकास्टिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मतदान दिवस के 7 दिवस पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर चौहान ने प्रत्येक विधानसभा में 10-10 आदर्श मतदान केंद्र, 205 संगवारी मतदान केंद्र, 4 युवा मतदान केंद्र तथा 4 दिव्यांग मतदान केंद्र में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मतदान दलों के लिए बस एवं अन्य वाहन अधिग्रहण के लिए रूट का निर्धारण करते हुए आवश्यता अनुसार वाहन अधिग्रहण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। इसके साथ ही मतदान के दिन सभी राजव अनुभागों में 2-2 वाहन आरक्षित करने कहा ताकि जरूरत पड़ने पर शीघ्र वाहन उपलब्ध हो सके। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओ के लिए होम वोटिंग के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने कहा। कलेक्टर ने मतदान दलों का प्रशिक्षण, ईव्हीएम का कमीशनिंग,स्ट्रोंग रूम में आवश्यक व्यवस्था, मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण, मतदान सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर लागू होगी युवा न्याय योजना : विनोद चंद्राकर

### 30 लाख पदों पर होगी युवाओं की भर्ती

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार पर युवा विरोधी व श्रमिक विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 में सत्ता में आते ही हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा कर जुमलेबाज सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का कोई पहल नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार के विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत लगभग 30 लाख पद रिक्त हैं, वहीं वर्तमान मोदी राज में देश में बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है। 2014 के पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय केंद्रीय विभागों में भर्ती के लिए एसएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित तमाम भर्ती परीक्षाएं हर 3 महीने में आयोजित होती थीं, जो मोदी सरकार बनने के बाद से पिछले 10 सालों से लगभग बंद है। युवा विरोधी मोदी सरकार केंद्रीय विभागों, बैंक, बीमा, रेलवे, नवरत्न कंपनी और सरकारी उपक्रमों में युवाओं को रोजगार के अवसर देने के बजाय सार्वजनिक उपक्रमों को औने-पौने दाम पर अपने पूंजीपति मित्रों को बेचकर देश के



करोड़ों युवाओं के सपनों को कुचलने का काम किया है। मोदी सरकार का फोकस केवल अपने चंद मित्रों का मुनाफा है और इसलिए भाजपा की पूंजीवादी नीतियों के चलते ही करोड़ों युवा, सरकारी नौकरी पाने के, सरकारी पदों पर नियुक्ति के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा न्याय योजना लागू होगी। चंद्राकर ने कहा कि केंद्रीय विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में रिक्त लगभग 30 लाख पदों पर देश के युवाओं को नियमित भर्ती का अवसर मिलेगा। सेना में ठेके पर 4 साल के अग्नि वीर की भर्ती के स्थान पर नियमित और पूर्णकालिक भर्तियां पुनः चालू होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अडानी परस्त नीतियों का नुकसान देश का श्रमिक वर्ग भोग रहा है। सर्व विदित है कि किस तरह से कुछ कॉरपोरेट मित्रों के दबाव में विपसांसदों को सदन से बाहर करके षडयंत्र, पूर्वक एक ही दिन में, बिना चर्चा, बिना बहस के दर्जनों श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन मोदी सरकार ने पारित करवाए। किस तरह से देश के संसाधन अपने मित्रों को सौंपने के लिए वन अधिकार अधिनियम में दुर्भावना पूर्वक संशोधन करवाए गए। उन्होंने कहा मोदी सरकार आने के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार देने की सबसे बड़ी व्यवस्था जो मनरेगा के माध्यम से कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने शुरू किया था, उसके बजट में लगातार हर साल दुर्भावना पूर्वक कटौती की गई। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मजदूरों के साथ न्याय होगा। मनरेगा की मजदूरी 200 रूपए से बढ़ाकर 400 रुपया किया जाएगा। आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन के अधिकार से वंचित करने के दुर्भावना से षड्यंत्र पूर्वक किए गए तमाम संशोधनों की समीक्षा होगी। इस लोकसभा चुनाव में मोदी के कुशासन के अंत के साथ ही युवा और श्रमिकों के साथ न्याय होगा। औद्योगिक और श्रम कानून में सुधार लाया जाएगा। युवा और श्रमिकों के बुनियादी कानूनी अधिकारों को सुनिश्चित किया जाएगा।

### रामनवमी पर आतिशबाजी व हनुमान चालीसा का पाठ

**महासमुंद।** स्थानीय सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कचहरी चौक में श्री रामनवमी पर 17 अप्रैल को प्रातः 08 बजे पूजन आरती व दोपहर 12 बजे श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आतिशबाजी की जाएगी, पश्चात आरती व पंजरी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संध्या 07 बजे से 08 बजे तक एक ही तिथि व एक ही समय पर होने वाला भारत वर्ष ही नही अपितु सम्पूर्ण विश्व में आयोजित होने वाला श्री हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप में शामिल होंगे। मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 16 वे वर्ष 16 वे अनुष्ठान के रूप मे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ का आयोजन रखा गया है। उक्त हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप महासमुंद के माध्यम से किया जाएगा। रात्रि 08 बजे महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

उक्त जानकारी सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति कचहरी चौक महासमुंद के भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम हेतु रूपरेखा तैयार कर ली गई है मंदिर परिसर को विशाल पंडाल से सजाया जा रहा है।

## सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने किया टेमरी और नर्रा चेकपोस्ट का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद 09 संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टेमरी और नर्रा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।इसके



अलावा उन्होंने अनेक मतदान केंद्र घुंचापाली, मनबाय , बकमा, कसेकेरा आदि का निरीक्षण किया और बेसिक न्यूनतम सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी एवं खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू के साथ एस एस टी की टीम मौजूद थी। इसके पूर्व अग्रवाल ने कलेक्टर प्रभात मलिक के साथ स्ट्रांग, डिस्पेच रूम और रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू भी मौजूद थे।

## सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन




**महासमून्द।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान ग्राम पोटिया के जानकी चौक में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ दिनांक 9 अप्रेल से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल को समाप्त होगी, स्थानीय सेवाकेंद्र से ब्रम्हा कुमारी लता बहन के नेतृत्व में ग्राम वासी श्रीमद्भागवत गीता का आध्यात्मिक रहस्य और गीता का ज्ञान का सार के लाभ उठा रहे हैं, आज के विषय रहा कलयुग का अन्तिम समय अति समिप और उनके निशानी एवं सृष्टि चक्र का गुप्त रहस्य चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से बताया जा रहा है ।

# कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों को दिये माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान हेतु मांग करने पर मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए अवगत कराया कि जिले में मतदान दिवस 07 मई 2024 को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक वर्ग के मतदाताओं को नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके तहत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर ऐसे मतदाताओं के द्वारा मांग किये जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् उनके आवास तक छोड़ने वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था की बेहतर क्रियान्वयन हेतु माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को सेक्टर एवं बुथवार वरिष्ठ नागरिकों की चिन्हांकित सूची तैयार करने कहा है। उन्होंने आरटीओ को मांग के



अनुरूप वाहन उपलब्ध कराने टाटा मैजिक वाहन एवं स्कूलों की छोटी वाहन की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में नगरीय निकायों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता रथ की व्यवस्था की जाएगी। नगरीय निकायों में ई-रिक्शा का भी उपयोग वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केन्द्रों तक लाने ले जाने हेतु उपयोग किया जाएगा। उन्होंने सभी एआरओ से संबंधित क्षेत्र से चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों की जानकारी ली और आगामी 20 अप्रैल तक योजना के अनुरूप तैयारी को अंतिम रूप देने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मांग किये जाने पर यह सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए वे निर्वाचन ''हेल्पलाईन नंबर 1950 या जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0788-2210180 पर कॉल कर सकते हैं''। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से नाम दर्ज करा सकते हैं। कलेक्टर ने सभी एआरओ, नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं जनपद सीईओ को मतदाता रथ पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में छाया, कुलर, पानी, व्हील चेयर एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा है। मतदान दिवस किसी को भी परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही बुथवार मतदान सहायक की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, दुर्ग नगर निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, रिसाली नगर निगम के आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई-3 चरौदा के आयुक्त डी. राजपूत, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं सभी एसडीएम और नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

# पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने खेल एवं युवा कल्याण को 95 रनों से हराया

- ऑल राउंडर प्रदर्शन करने वाले मुकेश ध्रुव रहे मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर रहे एमडी अबिनाश मिश्रा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 16 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मध्य खेला गया। इस सेमीफाइनल मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 205 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरा सेमीफाइनल में अब नगर निगम का मुकाबला पुलिस विभाग से गुरुवार की शाम को होगा। फाइनल शनिवार होगा। मंगलवार को खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में







पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज मुकेश की 103 रन और आकाश के 82 रनों की आतिशी पारी से पूरी टीम 205 रन का लक्ष्य दिया। खेल एवं युवा कल्याण की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 110 रन बना सकी। ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले 4 विकेट और 103 बनाने वाले मुकेश मैन ऑफ द मैच रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में मतदाताओं को अपने बहुमूल्य मतदान देने के लिए नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा ने मतदाताओं को शपथ दिलाई एवं इस मैच में स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्व दीप सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 4 लोगों ने किया नामांकन जमा 5 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 तृतीय चरण निर्वाचन के नामांकन जमा करने के दूसरे दिन 15 अप्रैल को चार लोगों ने अपने नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी को जमा किये। जिसमें क्रमशः विजय बघेल भा.ज.पा., राजेन्द्र साहू इण्डियन नेशनल कांग्रेस, हरिश्चंद्र साहू निर्दलीय और सविता बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) शामिल है। इसके अलावा पाँच लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें भानुप्रसाद चतुर्वेदी निर्दलीय, अंजुबेन केमे एकम सनातन भारत दल, राकेश कुमार साहू न्याय धर्म सभा, भागबली सिवारे निर्दलीय और ए.एच. सिद्दकी (अली हुसैन सिद्दकी) निर्दलीय शामिल है। अब तक 22 लोगों ने





नामांकन पत्र खरीदे हैं। 5 लोग नामांकन पत्र जमा कर चुके हैं।

# बाल विवाह पर रोकथाम के लिए कलेक्टर ने हर संभव प्रयास करने को कहा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में बाल विवाह को रोकने हेतु कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाई की जा सकती है। इसके अतिरिक्त वर या कन्या बाल विवाह पश्चात् विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण



शिशु मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में भी वृद्धि होती है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जनप्रतिनिधियों, समेत नगरीय निकाय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों स्वयंसेवी संगठनों एवं आम जनों से सहयोंग प्राप्त कर इस प्रथा के उन्मूलन हेतु कारगर कार्यवाई करें। हर ग्राम में विवाह संबंधी पंजी संधारित करें, कलेक्टर ने कहा कि जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कार्ययोजना बनाई गई है। उन्होने बताया कि कुछ विशिष्ट जातियों में बाल विवाह के प्रकरण पूर्व वर्षो से प्राप्त होते रहें है। ऐसे में सबसे पहले जिलें में ऐसे क्षेत्रों व जातियों को चिन्हांकित करें। चिन्हित करने के लिए पटवारी, कोटवार शिक्षकों, आगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम स्तरीय शासकीय अमले को दायित्व सौंपा जा सकता है। प्रत्येक ग्राम व ग्राम पंचायत में विवाह पंजी संधारित की जानी चाहिए। रामनवमी एवं अक्षय तृतीया पर बडी संख्या में विवाह होते है इन अवसर पर बाल विवाह भी हो सकते है। इस समय खास नजर रखें। पुलिस अधीक्षक प्रारंभ से ही थाना प्रभारियों को निर्देशित करें की पुलिस दल ग्रामों के भ्रमण में ग्रामजनों को बाल विवाह ना करने की समझाइस दें।

# महाविद्यालय नवागढ़ के प्रभारी प्राचार्या के स्थानांतरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला के विकासखंड नवागढ़ में आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के लिए सैकड़ो की संख्या में युवक एवं युवतियां पुलिस की तैयारी कर रहे है, तो वहीं दूसरी तरफ कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के कॉलेज परिसर के पीछे युवक एवं युवतियां आय दिन अश्लील हरकतें करते हुए दिखाई देते हैं ऐसे कृत्य को देखते हुए कई बार महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या मंगली बंजारा को भी जानकारी दी जा चुकी है लेकिन इस पर किसी भी प्रकार का कोई कठोर कार्यवाही अब तक नहीं की गई है जिसको देखते हुए उड़ान एकेडमी के सैकड़ो की संख्या में आज युवक एवं युवतियां मिलकर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम से नवागढ़ के अनुविभागीय अधिकारी को प्राचार्या के स्थानांतरण के लिए ज्ञापन दिया गया है, जिससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो सके साथ ही साथ महाविद्यालय नवागढ़ को भी अनुभवी प्राचार्य मिल सके।

# जिला प्रशासन को मिला एक और प्रशिक्षु आईएएस, डॉ. एम भार्गव ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को दी ज्वाइनिंग

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन दुर्ग को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिला है। डॉ. एम. भार्गव ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को आज अपनी ज्वाइनिंग दी। गौरतलब है कि इन्होंने अपनी तेलंगाना के खम्मम जिले से बीडीएस की डिग्री ममता डेंटल कॉलेज से प्राप्त की है। मूलतः तेलंगाना राज्य के रहने वाले



डॉ. एम. भार्गव वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने डॉ. एम. भार्गव का स्वागत कर प्रशासनिक परम्परा का निर्वहन किया। उन्होंने एम. भार्गव को नये कर्तव्य पथ पर पदार्पण करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान नं. 292 कचहरी वार्ड नं. 39 डिपरापारा तहसील व जिला दुर्ग निवासी सागर चौधरी की विगत 23 जून 2023 को महमरा एनीकेट में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. सागर चौधरी के माता सुनिता को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# आरोपी को 20 किलो 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जीआरपी भाटापारा एवं क्राइम स्क्वाड जीआरपी कि संयुक्त टीम द्वारा एक आरोपी को 20 किलो 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार करने के संबंध में। घटना का संक्षिप्त विवरण मंडल सुरक्षा आयुक्त/रायपुर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र पोस्ट प्रभारी/ रेसुब पोस्ट भाटापारा के कुशल नेतृत्व में गठित रेसुब पोस्ट भाटापारा एवं तिल्दा चौकी के टास्क टीम उ.नि. सी एस मिश्रा, प्रआ. एच एस सोलंकी, आर. मुकेश कुमार के द्वारा ट्रेन नं 18517 लिंक एक्स से चेकिंग करते भाटापारा से रायपुर आये एवं ट्रेन 18241 दुर्ग अम्बिकापुर एक्सप्रेस चेकिंग हेतू रेल्वे स्टेशन भाटापारा जाने हेतु रवाना हुआ रेल्वे स्टेशन रायपुर पर जीआरपी भाटापारा के प्रभारी सउनि राजेश मिश्रा मातहत स्टॉफ एवं एसआरपी



रायपुर महोदय के निर्देशन में गठित जीआरपी क्राइम स्क्वाड के आरक्षक संतोष राठौर, आरक्षक लक्ष्मण एवं टीम मिली , जिनके के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म 02, 03 पर ओवर ब्रीज के नीचे बिलासपुर छोर की ओर रायपुर स्टेशन पर एक व्यक्ति अपने पास रखे 02 नग पिट्ठू बैग व 01 नग ट्राली बैग लेकर खिसकने का प्रयास कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम बदरुद्दीन अंसारी पिता- जहीरुद्दीन अंसारी उम्र- 49 वर्ष पता- तकिया मसुमशाह दरगाह के सामने मोमिनपुरा थाना/तह- गाँधीबाग जिला- नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। जिन्हे उसके पास रखे बैग में क्या है पुछने पर गांजा मादक पदार्थ रखा होना बताया जो। स्वतंत्र गावाहो के समक्ष आरोपी के पास रखें अपने 02 नग पिट्ठू बैग व 01 नग ट्राली बैग की तलाशी ली गयी जिसके अंदर खोलकर देखने पर (01). भूरा रंग ट्राली बैग में 03 पैकेट (02). 01 नीले रंग के पिट्ठू बैग में 02 पैकेट व (3). 01 नग काला महरून रंग का पट्टी वाला पिट्ठू बैग में 02 पैकेट कुल 07 पैकेट रखा मिला जिसे फाडकर देखने पर हरा पलीथीन में भरकर भुरा कलर टैप से पैक कर रखा हुआ के अंदर मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे तौल करने पर 20 किलो 850 ग्राम गांजा मादक पदार्थ मिला को जप्त किया गया। मौके पर कागजी कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध जीआरपी भाटापारा द्वारा धारा 20 (B) NDPS ACT के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में

# नवविवाहिता ने की थी आत्महत्या, पति पर दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ
www.dailypioneer.com

जूटमिल पुलिस द्वारा महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले उसके पति पर दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिसंबर 2021 में प्रीति खड़िया की शादी ग्राम गुडगहन में रहने वाले आनंद कुमार खड़िया के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक दोनों पति-पत्नी अच्छे से रह रहे थे। इसी बीच आनंद खड़िया उसकी पत्नी प्रीति को बोला कि वह परिवार के दबाव में आकर उससे शादी किया है उसकी पसंद कोई और लड़की थी। इस बात से प्रीति आहत हुई। उसके बाद आनंद खड़िया छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रीति को मारपीट कर परेशान करता था। प्रीति अपने मायके वालों को





पति के झगड़ा विवाद की बाते बताती थी। घरवाले आनदं को समझाएं भी पर उसका कोई असर आनंद पर नहीं हुआ। आनंद की लगातार उपेक्षा और मानसिक, शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर प्रीति 17 फरवरी 2024 के शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका नव विवाहिता होने से मर्ग पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिका दंडाधिकारी पुसौर द्वारा पंचनामा कार्यवाही किया गया। जांच में महिला के पति आनंद कुमार खड़िया पिता संतोष खड़िया उम्र 30 साल निवासी गुड़गहन थाना जूटमिल जिला रायगढ़ द्वारा प्रीति खड़िया को आत्महत्या करने के लिए दुष्परित करना पाए जाने पर जूटमिल पुलिस द्वारा मृतिका का पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त कर जांच में पाये गये साक्ष्य अनुरूप आरोपी मर्ग जांच से अपराध धारा 306 आईपीसी कायम कर आरोपी आनदं खड़िया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**दो जगह पुलिस की शराब रेड, 35 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपियों पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई -** रायगढ। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम तराईमाल के उरांव मोहल्ला में दो व्यक्ति यों को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सहेश लाल उरांव पिता झूलन उरांव उम्र 43 वर्ष साकिन तराईमाल को पकड़ा।

## सामान्य दाल चावल में तेजी से कम हो रही खरीदी

# खंडा खूब, 70 फीसदी बाजार पर किया कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपभोक्ता मांग का प्रवाह अब खंडा चावल और खंडा दाल की ओर जा रहा है। सामान्य की तुलना में इन दोनों की कीमत, क्रय शक्ति के भीतर ही है लेकिन मांग को देखते हुए, तेजी की धारणा इनमें भी व्यक्त की जाने लगी है। खंडा चावल और खंडा दाल। हमेशा से मांग में रहते आए हैं।

लेकिन पहला साल है, जब इन दोनों में मांग दिन-ब-दिन बढ़ रही है। रही बात बाजार में हिस्सेदारी की, तो यह किस्म, सामान्य से कहीं अधिक बढ़ा चुकी है। बढ़ती मांग और बढ़ती हिस्सेदारी को देखते हुए रिटेल काउंटर इनकी ही मांग कर रहे हैं। आपूर्ति सामान्य ही है।

**90 से 125 रुपए अरहर दाल** -163 से 165 रुपए किलो। आउटर एरिया में 175



से 180 रुपए। असामान्य रूप से बढ़ी हुई यह कीमत, उपभोक्ता ही नहीं, विक्रेताओं को भी हैरानी में डाली हुई है। लिहाजा उपभोक्ता मांग का प्रवाह, अब अरहर खंडा दाल की ओर बढ़ने लगा है। यह 90 से 125 रुपए किलो पर उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है लेकिन इकाईयों तक पहुंच रही अरहर की कीमत भी बढ़ रही है। इसलिए तेजी की आशंका अब खंडा दाल में भी बनने लगी है।

**विष्णु भोग के तेवर** -यहां भी बारीक चावल में आ रही तेजी के बाद, अब यहां भी खंडा चावल की मांग बढ़ने लगी है। तेज तो है कीमत, लेकिन क्रय शक्ति के भीतर ही है। बढ़त लेते भाव के बीच विष्णुभोग खंडा चावल 36 से 40 रुपए किलो पर रिटेल काउंटर में उपलब्ध है। सियाराम खंडा चावल 34 से 45 रुपए किलो और एचएमटी का खंडा चावल 36 से 40 रुपए किलो बोला जा रहा है लेकिन बढ़त की आशंका इनमें भी बरकरार है।

**हिस्सेदारी हुई 70 फीसदी** -कीमत में जैसी तेजी आ रही है, उसके बाद दाल और चावल के कुल बाजार में खंडा ने 70 फ़ीसदी हिस्सेदारी अपने नाम कर ली है। ऐसे में कीमत अब इनमें बढ़ने लगी है। परेशानी विक्रेताओं की तब और बढ़ जा रही है, जब घंटे भर बाद ही नई कीमत आ जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं की संख्या और खरीदी की मात्रा कमजोर होने जैसी समस्या से भी जूझ रहा है बाजार।

TATA POWER-DDL
टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट : www.tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित — April 17, 2024

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु) | बोली दस्तावेज की बिक्री | बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001662/24-25 RC for Hiring 26 nos. of Commercial Vehicles on monthly Basis | 2.24 Crs/ 5,36,000 | 17.04.2024 | 07.05.2024;1700 Hrs/ 07.05.2024;1705 Hrs |
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001663/24-25 Annual RC for Supply of 11KV GO Switch (200A & 400A) with Cantilever Operating Mechanism | 1.35 Crs/ 3,38,000 | 17.04.2024 | 08.05.2024;1500 Hrs/ 08.05.2024;1530 Hrs |
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001664/24-25 Rate Contract for Supply of 11KV Smart RMUs | 10.90 Crs/ 18,35,000 | 19.04.2024 | 10.05.2024;1500 Hrs/ 10.05.2024;1530 Hrs |

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website www.tatapower-ddl.com→Vendor Zone →Tender / Corrigendum Documents
Contracts - 011-66112222

संपादकीय

## भाजपा का घोषणापत्र विकास का वादा

**भाजपा** के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में 'ज्ञान' एवं विकास पर जोर दिया गया है। सत्तारूढ़ भाजपा ने लंबी प्रतीक्षा के बाद लोकसभा चुनाव के लिए अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ज्ञान'-गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के कल्याण के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता प्रकट की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में यह घोषणापत्र प्रस्तुत किया। मोदी ने रेखांकित किया कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत' अवधारणा पर केन्द्रित प्रमुख क्षेत्र हैं जिनमें युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा आर्थिक रूप से वंचित वर्गों का सशक्तीकरण शामिल है। उन्होंने सभी नागरिकों के लिए गरिमा व जीवन की गुणवत्ता के महत्व पर जोर देते हुए ऐसी पहलों का वादा किया जिनमें प्रत्येक परिवार को पाइप से गैस पहुंचाने तथा सोलर पावर के माध्यम से मुफ्त बिजली शामिल हैं। इस घोषणापत्र में केन्द्र की मुफ्त राशन योजना का विस्तार करने तथा आवश्यक खाद्य पदार्थों, जैसे दालों, खाद्य तेलों और सब्जियों के मामले में आत्मनिर्भरता व उनके मूल्य स्थिर कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही इसमें 'आयुष्मान भारत' तथा 'पीएम आवास योजना' जैसी योजनाओं का विस्तार कर हर घर को स्वच्छ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करना है। कृषि क्षेत्र में भाजपा ने किसानों को 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता जारी रखने, तकनीक के माध्यम से फसल बीमा का दायरा बढ़ाने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्यों में समय-समय पर वृद्धि का वादा किया है। इसमें 'समान नागरिक संहिता', 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पहल, 5जी नेटवर्क का विस्तार, राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ाना तथा ट्रेन यात्रा की प्रतीक्षा सूची समाप्त करना भी शामिल है।

भाजपा के घोषणापत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा, ढांचागत विकास तथा सांस्कृतिक मुद्दों को संबोधित करते हुए जाति-आधारित राजनीति अथवा सत्ता तक पहुंचने के लिए 'खैरातें' बांटने को पूर्णतः अनदेखा किया गया है। इस प्रकार भाजपा का 'संकल्प पत्र' अपने प्रति दृढ़ आत्मविश्वास का परिचायक है। नड्डा ने भाजपा का चुनावी नारा बन चुके 'मोदी की गारंटी' में समाहित सभी वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भाजपा अपनी स्थापना के समय से ही अपने लक्ष्यों पर आगे बढ़ती रही है। इनमें अयोध्या में भव्य राम मंदिर तथा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही समान नागरिक संहिता भी शामिल थी। पहले दो वादे पूरे होने के बाद उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू की है। अब भाजपा ने इसे पूरे देश में लागू करने का वादा कर अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट कर दी है। पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को दसवें स्थान से पांचवें स्थान पर लाने में सफल भाजपा 2047 तक विकसित भारत के लिए संकल्पबद्ध है और उसका चुनाव घोषणापत्र इसी दिशा में एक कदम है। भाजपा ने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। इसके साथ ही अब भारत हथियार निर्यातक देश के रूप में उभर रहा है। इसके एकदम उलट 'इंडिया' गठबंधन में शामिल माकपा ने सत्ता में आने पर देश के सभी आणविक आयुध नष्ट करने का वादा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचने के लिए षडयंत्र करने वाले विपक्षी दलों के इन 'खतरनाक' इरादों से जनता को सतर्क किया है। उम्मीद है कि जनता मतदान करते समय भाजपा के संकल्प पत्र को समुचित महत्व देगी।

# बंगाल में राय परिवार की विरासत

### टीएमसी और भाजपा के बीच हाल में एक ऐतिहासिक विमर्श पर तीखी बहस हुई जिसका संबंध बंगाल में नवाब सिराजुद्दौला के पतन में राय परिवार की भूमिका से है।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**टीएमसी** और भाजपा के बीच हाल में एक ऐतिहासिक विमर्श पर तीखी बहस हुई जिसका संबंध बंगाल में नवाब सिराजुद्दौला के पतन में राय परिवार की भूमिका से है। 2024 का लोकसभा चुनाव अभियान तेज होने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच कीचड़ उछालने की प्रक्रिया तेज हो गई है, जबकि यदि ऐसा न होता तो ज्यादा अच्छा था। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी ने भाजपा की कृष्णानगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार श्रीमती अमृता राय पर इसलिए कीचड़ उछाला क्योंकि उनका संबंध कृष्ण चंद्र राय के परिवार से है। कृष्ण चंद्र राय ने ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ दिया था जो 1757 में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला का मुकाबला कर रही थी। कृष्णानगर में राय परिवार की वर्तमान राजमाता ने यह कह कर अपने परिवार का उस समय का कृत्य सही ठहराया कि यदि कृष्ण चंद्र राय ने उस समय ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ न दिया होता तो अत्याचारी नवाब सिराजुद्दौला के राज्य में सनातन धर्म व बंगाली संस्कृति नष्ट हो जाती।

उन्होंने इस तथ्य की ओर भी संकेत किया कि उस समय न केवल अमृता राय के पूर्वज राजा कृष्ण चंद्र राय के साथ ही जगत सेठ तथा नाभा के राजा कृष्ण देव ने भी ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ दिया था। केवल इतना ही नहीं, मीर जाफर तथा अनेक अन्य लोग भी नवाब सिराजुद्दौला का अंत चाहते थे। सिराजुद्दौला के अत्याचारों ने आम जनता में इतना गुस्सा भर दिया था कि ज्यादातर लोग उसके शासन का अंत चाहते थे। सिराजुद्दौला सनातन धर्म तथा बांग्ला संस्कृति का घोर विरोधी था और इस कारण भी उसके विरोध में गुस्सा बढ़ रहा था।

सवाल है कि यदि इन व्यापारी राजकुमारों ने सिराजुद्दौला को उखाड़ फेंकने में सफलता न पाई होती तो बंगाल का भविष्य कैसा होता? यदि नवाब का शासन चलता रहता तो संभवतः नादिया जिला तथा आज का पश्चिम बंगाल पाकिस्तान और अंततः बांग्लादेश में चला जाता। पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति इसकंदर मिर्जा सिराजुद्दौला के सीधे वारिस थे। उनका परिवार मुर्शिदाबाद में रहता था, लेकिन देश का विभाजन निकट आने पर वह जल्दी से कराची चला गया जो पाकिस्तान की तत्कालीन राजधानी थी। इसकंदर पाकिस्तान के पहले रक्षा सचिव तथा मार्च, 1956 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने। मुर्शिदाबाद में सिराजुद्दौला 1756 में सिंहासन पर बैठा। उसने जल्द ही अपना रंग दिखाना शुरू किया और अपने प्रमुख मंत्री राय दुर्लभ को पद से हटा दिया जिनको उसके बाबा नवाब अलीवर्दी खान ने नियुक्त किया था।

युवा नवाब ने राज्य के सबसे अमीर बैंकर जगत सेठ का अपमान किया। उनको दरबार में खुलेआम थप्पड़ मारे गए तथा सुन्नत करवाने या 'खतना' करवाने की धमकी दी गई। इसकंदर मिर्जा के पुत्र हुमायूं मिर्जा ने अपनी पुस्तक 'प्लासी टु पाकिस्तान' में इसका वर्णन किया है। व्यापारी राजकुमार मध्य एशियाई मूल वाले लोगों द्वारा शासन के पक्ष में नहीं थे और वे शासन-प्रशासन में स्थानीय लोगों को ज्यादा स्थान देना चाहते थे। लेकिन उनके पास सिराजुद्दौला को सत्ता से हटाने के लिए सैनिक संगठन नहीं था। 1757 में लंदन में ईस्ट इंडिया कंपनी के निदेशक मंडल के आदेश से राबर्ट क्लाइव कुछ नाविकों और सैनिकों के साथ मद्रास पहुंचे। वे पिछले साल कोलकाता के फोर्ट विलियम में अंग्रेजों के अपमान का बदला सिराजुद्दौला से अच्छी तरह लेना चहते थे। इस घटना ने नवाब सिराजुद्दौला का भविष्य अंधकारमय बनाने में पूरी भूमिका निभाई।

सिराजुद्दौला के नवाबी शासन में 'व्यापारी राजकुमारों' को यह बहुत अच्छा अवसर लगा जिसका लाभ उठा कर वे सिराजुद्दौला का शासन समाप्त कर सकते थे। ब्रिटिश हथियारों और बंगालियों के पैसे से उसके क्रूर शासन का अंत किया जा सकता था। इसके साथ ही वे अपने संबंधों के माध्यम से भी विजय की उम्मीद कर रहे थे। उस समय राबर्ट क्लाइव के पास केवल 3,000 सैनिक थे, जबकि सिराजुद्दौला के पास एक लाख की सेना के साथ ही घुड़सवार और हाथी थे। इस विशाल सेना को अलग-अलग टुकड़ों में विभाजित करना था। नवाब की आधी सेना का संचालन मीर जाफर के पास था। उससे वादा किया गया था कि यदि वह सिराजुद्दौला की पराजय सुनिश्चित करने में सहायता करे तो उसे नवाब बना दिया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सिराजुद्दौला की आधी से अधिक सेना ने युद्ध में भाग नहीं लिया। इस प्रकार 23 जून, 1757 को प्लासी के युद्ध ने सिराजुद्दौला के शासन और उसके जीवन का अंत कर दिया। हम जिस समय की बात कर रहे हैं, उस समय बंगाल में दो संस्कृतियां -बंगाली व इस्लामिक थीं। 12वीं शताब्दी के बाद से यह क्षेत्र बंगाली प्रभाव से बाहर निकल रहा था और दो-तिहाई अरब हो गया था। 1757 में प्लासी युद्ध ने इस परिघटना को पहला निर्णायक धक्का दिया। सिराजुद्दौला की पराजय और उसकी हत्या के बाद नवाबी शासन का अंत हो गया।

इसके बाद अनेक सालों में पहली बार हिंदुओं ने खुलेआम राजा नाभा कृष्ण देव के महल में विशाल दुर्गा पूजा का आयोजन किया था जिसमें राबर्ट क्लाइव मुख्य अतिथि थे। इससे स्पष्ट होता है कि बंगाल में सिराजुद्दौला के अत्याचारी शासन के अंतर्गत सनातन धर्म तथा हिंदू जनता कितने भयानक दमन और उत्पीड़न का सामना कर रही थी। कल्पना करें कि यदि बंगाल 'इस्लामी' रास्ते पर चलता रहता तो क्या होता। ऐसे में बंगाल में कोई ऐतिहासिक 'पुनर्जागरण' न होता जिसके लिए बंगाल को याद किया जाता है और उसका सम्मान होता है। यदि ऐसा होता तो बंगाल में राजा राममोहन राय, बंकिम चंद्र चटर्जी, रवीन्द्रनाथ टैगोर, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, योगी अरविंद, ईश्वर चंद्र विद्यासागर व निश्चित रूप से सुभाष चंद्र बोस जैसे लोग न होते। ऐसे में यह कल्पना ही की जा सकती है कि यह क्षेत्र कैसा होता। गोपाल कृष्ण गोखले ने 100 साल से भी पहले कहा था कि 'जो बंगाल आज सोचता है, भारत कल सोचेगा।' लेकिन यदि सिराजुद्दौला जैसे लोगों का शासन बना रहता तो आज बंगाल ही न होता।

गांधीजी ने भारतीयों को स्वतंत्रता, राजनीति, आध्यात्मिक व अर्थशास्त्र के मूल्यों के प्रति जागरूक किया, लेकिन विजेता के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और उनकी आजाद हिंद फौज-आईएनए हमारे सामने आई। इस तथ्य को किसी और ने नहीं, बल्कि क्लीमेंट एटली ने स्वीकार किया था जो 1946 से 1951 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे। एटली ने ही ब्रिटिश नेता के रूप में भारतीय स्वतंत्रता कानून, 1947 पर हस्ताक्षर किए थे और इस प्रकार भारतीय स्वतंत्रता का दरवाजा खोला था। अपना पद छोड़ने के बाद एटली भारत आए और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल जस्टिस पी.बी. चक्रवर्ती के अतिथि बने। एक रात्रि भोज के दौरान चक्रवर्ती ने अपने अतिथि से पूछा कि 1947 में अंग्रेज इतनी जल्दी भारत छोड़ कर भाग क्यों गए, जबकि उस समय ऐसा कोई तात्कालिक कारण नहीं था। उस समय 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन लगभग विफल हो चुका था।

इस पर पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने जवाब में अनेक कारण गिनाए थे। इनमें सर्वाधिक प्रमुख भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की ब्रिटिश राज के प्रति स्वामिभक्ति में आई कमी थी। इसका कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा चलाया अभियान था। जब चक्रवर्ती ने एटली से पूछा कि गांधीजी के अहिंसक सत्याग्रह का अंग्रेजों पर क्या प्रभाव पड़ा था तो एटली ने अपने शब्द के हर अक्षर पर जोर देते हुए 'मिनिमल' या न्यूनतम कहा था। एटली के चेहरे पर उस समय एक व्यंग्यात्मक मुस्कराहट थी। यदि सिराजुद्दौला जैसे लोगों के लगातार शासन से बंगाल में 'इस्लामवाद' हावी हो जाता और स्थानीय बांग्ला तथा हिंदू संस्कृति का विनाश हो जाता तो बंगाल का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता। यदि बंगाल ही न होता तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस कैसे होते जिनकी आजाद हिंद फौज के प्रभाव में अंग्रेजों को भारत छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस दृष्टिकोण से श्रीमती अमृता राय के पूर्वज कृष्ण चंद्र राय द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ देना सनातन धर्म की रक्षा के लिए जरूरी था और उसे इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन का आध्यात्मिक समाधान

> विकास की प्रत्येक इच्छा के लिए, आप शरीर की पहचान, उपभोग, प्रजनन और उसके बाद विनाश के बीच संबंध देखेंगे। जब वैश्विक तापमान तीन या चार डिग्री बढ़ जाएगा, तो ये सभी शिशु फूल मुरझा जाएंगे।

**आचार्य प्रशांत**
(लेखक वेदांत शिक्षक हैं)



**प्रजनन को** सीमित करना शायद स्थिरता की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। आज हम जिस दुनिया में रहते हैं वहां लोग छोटी छोटी अच्छी चीजें करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम आसानी से इस तथ्य से दूर रह सकें कि हम जो कर रहे हैं वह बहुत बुरी बात है। अधिकांश लोगों को उपभोग की आदत होती है समस्या उपभोग नहीं है यह चीज़ों का अंधाधुंध और अंधाधुंध उपभोग है जो वैसे भी आपको कोई लाभ नहीं पहुँचाएगा। यही तो समस्या है। तो ज्ञान या आध्यात्मिक ज्ञान पूरी तरह से उपभोग के त्याग के बारे में नहीं है। ऐसे संकेत हैं जो जलवायु परिवर्तन पर विभिन्न गतिविधियों के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए कार मुक्त होना, ट्रान्साटलांटिक उड़ान से बजाय हरित ऊर्जा चुनना, इलेक्ट्रिक कार से कार मुक्त पर स्विच करना, शाकाहारी आहार चुनना, एक सामान्य कार को हाइब्रिड से बदलना, गर्म पानी के बजाय ठंडे पानी में कपड़े धोना, पुनर्चक्रण, सूखे कपड़े लटकाना, ऊर्जा कुशल प्रकाश बल्बों में उन्नयन। ग्राफिक का शीर्षक है प्रत्येक कार्य करने वाले एक व्यक्ति के लिए प्रति वर्ष टन सीओ2 समकक्ष बचाया गया (वाइन्स और निकोलस 2017, पर्यावरण अनुसंधान पत्र, खंड 12, संख्या 7)। लेकिन ये 10 गतिविधियाँ लोकप्रिय हैं जहाँ सभी अच्छे लोग इन सभी दस गतिविधियों को करने में व्यस्त हैं और वे महान मिशनरी उत्साह और उससे भी अधिक मिशनरी गर्व के साथ घूमते हैं।

और फिर यह विशाल बार है जो लगभग साठ टन सीओ2 से मेल खाता है जो एक ही कार्य करने से आता है यानी एक बच्चा पैदा करना। हम जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़े योगदानकर्ता के बारे में बात नहीं करते क्योंकि यहीं पर हमारा अहंकार रहता है, यहीं पर शारीरिक और शारीरिक प्रवृत्तियाँ रहती हैं। आप सोच रहे होंगे कि मैं प्रजनन के संबंध में, बच्चे पैदा करने के संबंध में यह बात क्यों बोल रहा हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह आज आपके और मेरे, ग्रह और लाखों प्रजातियों के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यही वह चीज़ है जिस पर मनुष्य को इस समय तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। मानव जाति के सामने इससे बड़ी कोई चुनौती नहीं है। तीसरा विश्व युद्ध नहीं, परमाणु प्रसार नहीं, कुछ भी नहीं। यह सबसे बड़ी चुनौती है। क्या आप कृपया बच्चे पैदा करना बंद कर सकते हैं या सीमित कर सकते हैं। यह एक ऐसी चुनौती है जिसके बारे में कोई बात नहीं करना चाहता। यदि आप इसका समाधान कर तो हर चीज़ का समाधान हो जाएगा। विकास की प्रत्येक इच्छा के लिए, आप शरीर की पहचान, उपभोग, प्रजनन और उसके बाद विनाश के बीच संबंध देखेंगे। जब वैश्विक तापमान तीन डिग्री या चार डिग्री बढ़ जाएगा, तो ये सभी शिशु फूल मुरझा जाएंगे। वैसे भी फूलों की बहुत अधिक प्रजातियाँ रोपने लायक नहीं रहने वाली हैं। जलवायु परिवर्तन कितना दोषी है यह आईयूसीएन रेड लिस्ट में कम से कम 10967 प्रजातियों को प्रभावित करता है और अनुमानों से पता चलता है कि यदि 2100 तक वैश्विक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई तो भूमि पर सभी प्रजातियों में से लगभग 18 प्रतिशत को विलुप्त होने का उच्च जोखिम का सामना करना पड़ेगा।



और इसे केवल मुकदमेबाजी के माध्यम से संबोधित नहीं किया जा सकता है। आपको एक आध्यात्मिक आंदोलन की आवश्यकता है, मैं जो कह रहा हूं उसे समझने और जो मैं इंगित कर रहा हूं उस पर कार्य करने के लिए आपको गहरी आध्यात्मिक चेतना की आवश्यकता है। इस शरीर पहचान को ख़त्म किए बिना आप बच्चों की संख्या सीमित नहीं कर सकते। जब तक आपका भौतिक शरीर है आप उपभोग करते रहेंगे, आपको उपभोग करना ही पड़ेगा। हम शरीर पहचान, उपभोग, प्रजनन और विनाश के बीच संबंध नहीं देखते हैं। हम उन्हें अलग-अलग चीजों के रूप में देखते हैं। विकास की यह चाहत आपको क्या लगता है, इस ग्रह की तबाही से कोई लेना-देना नहीं है वास्तव में विकास की परिभाषा क्या है, जो तुम्हें आनंद देता है। जो आपके लिए आराम और सुविधा लाता है। इसी तरह आप विकास को परिभाषित करते हैं। मानव जाति के इतिहास में वह समय आ गया है जब उस मूल समस्या को संबोधित किए बिना, आप किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। और यदि आप अभी मूल समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो कल कोई नहीं होगा।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### सीएए का विरोध

**एआइएमआइएम** के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए का विरोध हमारी पार्टी की तरफ से लगातार जारी रहेगा क्योंकि यह कानूनन असंवैधानिक है, इसे भाजपा ने बनाया है, इसका आधार धर्म है जो समानता के अधिकार के खिलाफ है। भाजपा हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई में कोई भेद नहीं करती है। सीएए के अंतर्गत पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आए उत्पीड़ित अल्पसंख्यक हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी को भारत में नागरिकता देने की बात कही गई है। यह हर तरह से उचित एवं कानून सम्मत है। आज यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ बहुत अत्याचार किया जाता रहा है। इसका प्रमाण वहां की जनसंख्या में धार्मिक अल्पसंख्यकों की संख्या नगण्य होना है। सवाल है कि आखिर उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध व पारसी यदि भारत की ओर नहीं तो दुनिया में किस देश की ओर देखेंगे। देश में पहले से नागरिक रहे किसी भी नागरिक की नागरिकता पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यह नागरिकता छीनने के बजाय नागरिकता देने का कानून है। अतः सीएए का अनुचित विरोध अब बंद होना चाहिए।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### युद्ध का विस्तार

**ईरानी दूतावास** पर मिसाइल हमले में उसके सैन्य अधिकारियों के मारे जाने के बाद ईरान ने खुले रूप से इसराइल को सबक सिखाने की घोषणा की है। इसराइल पर अनेक मिसाइलों व ड्रोन के हमले से उसने इसकी शुरुआत भी कर दी है। रूस-यूक्रेन और हमास-इजरायल युद्ध के बाद ईरान-इजरायल के खुलकर युद्ध के मैदान में कूदने से अंतर्राष्ट्रीय हालात अत्यंत जटिल और विकट हो गए हैं। युद्धरत देशों की जनता के अलावा इन युद्धों का प्रभाव समूचे विश्व की जनता भुगत रही है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ते जा रहे हैं तथा समुद्री यातायात में बाधा आ रही है। युद्ध का विस्तार दुनिया में किसी के लिए ठीक नहीं है। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान अपने द्वारा पाले पोसे गए तथा आर्थिक रूप से समर्थित हमास, हिजबुल्ला व हूती आतंकवादियों, विद्रोहियों व विघटनवादियों के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। इसके चलते जहां इसराइल के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है, वहीं दुनिया भर में इस्लामवादी, जिहादी व कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा मिलने की आशंका है। आतंकवाद को किसी रूप में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### ईरान-इज़राइल टकराव

**ईरान** द्वारा इजराइल पर हमले के बाद भारत के कुछ खास वर्ग के लोग ईरान की सराहना करते दिखाई पड़ रहे हैं और फिलिस्तीन में जश्न मनाया जा रहा है। फिलिस्तीनियों की खुशी को एक बार सही समझा जा सकता है पर भारत से ऐसे जश्न और समर्थन की तस्वीरें समझ के परे हैं। हमास द्वारा इजराइल के निर्दोष नागरिकों पर हुई बर्बरता पर भी कुछ लोग खुशी मना रहे थे परन्तु जैसे ही इजराइल ने पलटवार किया इन्ही लोगों का रुदन आरम्भ हो गया और अब तक जारी है। इजराइल अपने ऊपर हुए ईरानी हमले के बाद चुप नहीं बैठेगा। इस सूरत में एक बार फिर कुछ लोगों को पुनः कष्ट होना स्वाभाविक है। इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने तथा दुश्मनों पर हमला करने का पूरा अधिकार है। वर्तमान समय में अधिकांश भारतीय जनता इज़राइल और यहूदी समुदाय पर सैकड़ों सालों से मंडराते खतरे को समझती है। इज़राइल के अस्तित्व को दुनिया के मानचित्र से मिटा देने की बात करने वाले ईरान का किसी प्रकार समर्थन नहीं किया जा सकता है। ईरान की तानाशाही सरकार अपने ही देश की महिलाओं पर जो अत्याचार ढा रही है, उससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद युद्ध किसी के हित में नहीं है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

# कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने छत्तीसगढ़ी परिधान कमरा और खुमरी को पहनकर तथा बैलगाड़ी में सवार होकर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति को किया जीवंत

## बोहारा गांव में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति से सराबोर बेहतरीन एवं नैनाभिराम मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी ब्लाकों में अभिनव एवं यूनिक जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान के बेहतरीन कार्य म का आयोजन किया जा रहा है। इसी म में सोमवार को जिले के सुदूर ग्राम बोहारा में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति से साराबोर बेहतरीन एवं नैनाभिराम मतदाता जारूकता कार्य म का आयोजन किया गया। इस कार्य म के आयोजन से अभिनव मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की श्रृंखला में एक और कड़ी जुड़ गया है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक परिधान कमरा और खुमरी को पहनकर ग्राम सनौद से ग्राम बोहारा में आयोजित कार्यक्रम स्थल तक बैलगाड़ी में सवार होकर ग्रामीण तथा छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति को जीवंत करते हुए कार्यक्रम में अपनी अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित की। पूरे आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं मतदाता जागरूकता पर आधारित सुमधुर एवं नैनाभिराम स्वीप सुआ नृत्य एवं गीत-संगीत तथा नुक्क ड़ नाटकों की प्रस्तुति संपूर्ण आयोजन छत्तीसगढ़िया एवं ग्रामीण संस्कृति से सराबोर हो गया। ग्राम बोहारा में नदी के किनारे विशाल बरगद पेड़ के नीचे छांव में आयोजित इस कार्यकम के माध्यम से छत्तीसगढ़िया संस्कृति की प्रत्यक्ष झलक दिखलाई दे रही थी।

**आम लोगों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा : इंद्रजीत**

कार्य म में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सहित उपस्थित अन्य लोगों ने 51 बैलगाड़ी में सवार होकर ग्राम सनौद से बोहारा में आयोजित कार्यक्रम स्थल तक सफ़र की जो खासा आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने उद्बोधन की शुरूआत 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' से करते हुए छत्तीसगढ़ी संस्कृति को अत्यंत वैभवशाली एवं अग्रणी बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति यहाँ के लोगों का आचार-व्यवहार, खान-पान, रहन-सहन अपने आप में विशिष्ट है। इंद्रजीत चन्द्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिले के अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग तरीकों से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को रेखांकित एवं प्रदर्शित करते हुए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान कार्य म का आयोजन किया जा रहा है। इससे की जिले के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग के महत्व को समझते हुए आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लाकों में आयोजित कार्य मों के माध्यम से यहाँ की विशिष्टताओं का उल्लेख कर आम लोगों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

**कलेक्टर ने दिलाई मताधिकार प्रयोग करने की शपथ-**

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मतदाताओं के वोट का मूल्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य से मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों को जीव जगत के लिए पानी के महत्व की जानकारी देते हुए पानी के संरक्षण एवं बचाव हेतु उपाय सुनिश्चित करने की अपील की। इसके लिए उन्होंने सोख्ता गड्ढा आदि का निर्माण कर इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी अमूल्य भागीदारी निभाने को कहा। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि आज मुझे आप लोगों के बीच पहुँचकर आनंद एवं अपनत्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने इस बेहतरीन आयोजन के लिए ग्रामीणों एवं अधिकारी-कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

**कलेक्टर और जिंप सीईओ ने बुजुर्गों को पौधा भेंट कर किया सम्मान-**

कार्य म को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि आप सभी ने इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने जिले के अलग-अलग स्थानों में अलग-अलग थीम पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिससे की आम नागरिक मताधिकार के महत्व को समझ सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का विशेष महत्व है। इसलिए आप सभी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुँचकर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ के द्वारा कार्य म स्थल में बुजुर्ग एवं नए मतदाताओं को पौधा भेंटकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्थापित सेल्फी पांइट में पहुँचकर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने सेल्फ़ी भी ली। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें स्कूली बच्चों एवं महिला कलाकारों के सुमधुर गीत-संगीत प्रस्तुति से कार्य म में उपस्थित सभी लोग भाव-विभोर हो गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कलाकारों की इस उत्कृष्ट प्रस्तुति की भूरी-भूरी सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा आसमान में स्वीप गुब्बारा छोड़कर आम जनता को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल में कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी, जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे सहित जनपद पंचायत डौंडीलोहारा एवं बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा स्वसहायता समूह की महिलाएं, स्कूली बच्चे एवं विशाल संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोदी आप सबके हित में काम कर रही है : प्रमोद जैन



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद जैन ने महतारी वंदन योजना के तहत शक्ति केंद्र रेंगाकठेरा के ग्राम पंचायत लिमोरा में मीटिंग ली। जिसमें मडियापार, लिमोरा एवं आस पास के गांवों की महिलाओं ने भाग लिया। जिस प्रकार से मोदी की गारंटी को विष्णु देव सरकार ने पूरा किया है। जिसके तहत प्रति माह 1000 रूपये शादीशुदा महिलाओं को मिल रहा है। जिसकी दो किस्त आपको प्राप्त हो गई है आने वाले समय में मोदी की गारंटी के तहत सारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। मनरेगा योजना के मजदूरी की राशि बढ़ाई गई है। मुफ्त में गैस सिलेंडर मिल रहा है। आवास योजना का लाभ आपको मिल रहा है। मोदी आप सब के हित में काम कर रही है। इसीलिए आप सब अधिक से अधिक संख्या में वोट देकर भोजराज नाग को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। प्रमोद जैन ने आगे कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार मोदी सरकार को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए आने वाले 26 तारीख को लोकसभा कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को तीसरे नंबर पर कमल छाप के बटन को दबाकर भारी मतों से विजयी बनाना है। इस मीटिंग में विनोद चंद्राकर, पृथ्वी साहू, नरेश साहू यादव एवम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गंगा मइया मंदिर में रेडक्रॉस सोसायटी के 15 वालेंटियर सेवा शिविर में दे रहें अपनी सेवाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शा.उ.मा.वि चिखली के बच्चों द्वारा सेवा शिविर गंगा मैय्या मंदिर झलमला में चल रहा है। सोमवार को सातवे दिवस पर सुबह मंदिर व मेला परिसर, पार्किंग स्थल व शौचालय की साफ-सफाई किया गया। इसके पश्चात स्नान करने के बाद अन्य कार्यों में लगे सेवादारों को स्वल्पाहार का वितरण, खिचड़ी प्रसाद का वितरण, फिर साहित्य बिक्री केन्द्र में सहयोग करते हैं। दल नायक भोजेश्वर ने बताया कि कुल 15 वालेंटियर इस सेवा शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, सभी को अलग अलग टोली में बांट कर कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग अलग टोली को कार्य का बंटवारा हो रहा है, जैसे पहली टोली नारियल हटा रही है तो दुसरा टोली भोजशाला में भोजन वितरित कर रही है, तीसरा टोली कार्यक्रम देने आए दल के भोजन व समय समय पर चाय की व्यवस्था कर रही है। इसी दल के भूपेन्द्र व मितेश ने बताया कि वे लोग गंगा मैय्या मंदिर में पूर्ण रूप से निःशुल्क सेवा करते हैं। सेवा के बदले किसी भी प्रकार का उपहार नहीं लेते हैं। पहली बार आए कुशाग्र, भास्कर, व क्रिस ने अपने अनुभव को बांटते हुए बताया कि इस सेवा शिविर से अनुशासन सीखने को मिल रहा है, एक दूसरे को कैसे मदद करनी है यह भी सिखने मिल रहा है। रेडक्रास जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार के कुशल मार्गदर्शन में व प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी के संरक्षण में विगत 9वर्षो से लगातार सेवा कार्य करने का अवसर रेडक्रास सोसायटी बालोद को मिल रहा है। इस सेवा कार्य के लिए सभी वॉलयिनटर्स को रेडक्रास के सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी है। सेवा कार्य मे ऐमनदास, क्रिस निषाद, देवेन्द्र साहु, राबिन, भोजेश्वर ,टोमेश्वर, नमन, अरुण, भास्कर, कुशाग्र, सुनेन्द्र व अन्य बच्चे सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# भाजपा का संकल्प पत्र सभी वर्गों के विकास की गारंटी : अभिषेक शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य एवं शक्ति केंद्र प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत ग्राम भीमकन्हार, मुड़िया, हथौद, भन्डेरा व परसुली में भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर भाजपा के संकल्प पत्र व मोदी की गांरटी के बारे में बताया उन्होने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में सभी वर्गों के विकास का समायोजन किया है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में आने से देश का विकास और तीर्व गति से होने लगेगा। तीन करोड़ और गरीबों का मकान, पांच वर्ष तक फिर से मुफ्त राशन और अब सौर उर्जा के माध्यम से मुफ्त बिजली देने की तैयारी मोदी जी ने कर लिया है। घर-घर पेलयजल की व्यवस्था पहले ही मोदी जी ने अमृत जल योजना के माध्यम से कर चुके हैं साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार-उद्योग सहित बुनियादी जरूरतों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। बैठक में कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को ऐतिहासिक मतों से जिताने लाभार्थियों एवं मतदाताओं से घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पर्ची पहुंचाने महिलाओं की बैठक, ग्रामीणों से चाय पे चर्चा करने निवेदन किया। बैठक में पुष्पलता बघेल, भुनेश्वर साहसी, चैतन्य निषाद, पोषण देवांगन, जयपाल ठाकुर, डिसोक जांगड़े बूथ अध्यक्षगण नरसिंह साहू, प्रताप देवांगन,रोमन साहू,देवलाल ठाकुर, केदार देवांगन, दाउलाल इंदौदिया, मूलसिंह बगरिया, पन्नालाल सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, शिवकुमार, सुदामा डहरे सहित भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# दुर्गा अष्टमी पर खमरिया वत्सला संस्था द्वारा कन्या शाला में न्योता भोज



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्र पर्व पर वत्सला संस्था द्वारा राज्य भर में चल रहे नवरात्र कन्या पूजन सेवा के अंतर्गत खमरिया इकाई द्वारा स्थानीय शासकीय कन्या विद्यालय में कन्या पूजन के साथ न्योता भोज का अयोजन करवाया, जिसमें पुरी, खीर, सब्जी के साथ जलेबी मिठाई भी छात्राओं को अपने हाथों से परोसा, इस प्रकार के खास भोज और स्नेह पाकर बच्चे बहुत खुश ,इस अवसर पर वत्सला संस्था से रीना सिंघानिया, स्वेता मुरारका, अकिशा बंसल, सीमा सिंघानिया, निका सिंघानिया, कल्पना अग्रवाल, रेखा सिंघानिया, एकता मुरारका, रश्मि अग्रवाल की उपस्थिति सराहनीय रही शाला शिक्षक परिवार ने वत्सला संस्था के अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा किया गया मतदाताओं को जागरू



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (नोडल अधिकारी स्वीप) के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिये नगर पालिका दल्ली राजहरा क्षेत्रांतर्गत 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु 16 अप्रैल को वार्ड क्र. 20 गांधी चौक दल्लीराजहरा में मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नगर पालिका में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी के माध्यम से संयुक्त रूप से स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली एवं मेंहदी का चित्रण किया गया तथा मतदान संबंधी शपथ एवं रैली का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामकुमार सोनकर अनुविभागीय अधिकारी (रा) डौंण्डी एवं रमाकांत साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा, स्वीप के एम्बेसडर विरेन्द्र सिंह तथा महिला बाल विकास के सुपरवाइजर इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता में बेहतर योगदान करने वाले बीएलओ एवं स्वच्छता दीदियों को स्वीप मेमोन्टो भी भेंट किया गया।

# कांकेर लोकसभा प्रत्याशी बिरेश ठाकुर का युवा कांग्रेस ने मनाया जन्मदिन






पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

15 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी से कांकेर लोकसभा के अधिकृत प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर युवा कांग्रेस डौंडीलोहारा विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन के नेतृत्व में दल्लीराजहरा के पुष्पा हॉस्पिटल में युवा साथियों के साथ जाकर मरीजों को फल वितरण किया एवं बीरेश ठाकुर को आशीर्वाद देने का निवेदन किया । शाम 6 बजे जैन भवन चौक में कांग्रेस जनों के साथ मिलकर केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जिसमें मुख्य रूप से दल्ली राजहरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशीराम निषाद उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त युवा कांग्रेस से नगर अध्यक्ष अयान अहमद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रूबी एंथोनी, युवा कांग्रेस जिला सचिव नीरज साहू, हेमंत पटेल, मुकेश पटेल, खिलेश पटेल, दाणेश आर्य, राज साहू, विनय साहू,नवीन साहू एवम बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि पर्व के अष्टमी में हुआ पूर्ण आहूति के साथ महा आरती



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि पर्व के अष्टमी तिथि में विभिन्न देवी मंदिरों मे शुभ मुहूर्त पर यज्ञ के साथ पूर्ण आहूति और महाआरती हुआ तदुपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण और नगरीय निकाय क्षेत्रो मे स्थित विभिन्न देवी मंदिरों में विधि विधान के साथ आचार्यों के सानिध्य में माता की पूजा अर्चना किए गए यज्ञ हवन किया गया और अंत में महाआरती के साथ पूर्णाह किया गया है आरती के बाद प्रसाद वितरण देर शाम तक होता रहा। नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं महामाया, शीतला, भद्रकाली, बमलेश्वरी, दुर्गा मंदिर में जाकर मां का दर्शन करने के लिए आने का क्रम प्रारंभ हो गया था जहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा महाष्टमी पर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद दिए वहीं कई श्रद्धालुओं ने महा अष्टमी पर्व पर अठावाही चढ़ाया गया इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा माता के सिंगार के विभिन्न सामग्री सहित श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिए यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा इसी बीच विभिन्न शुभ मुहूर्त आचार्य के सानिध्य पर माता की पूजा अर्चना एवं विभिन्न मंत्रों के साथ माता की विशेष पूजा किया गया तदुपरांत हवन हुआ और पूर्णाहुति के बाद महा आरती की गई इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जस गीत समिति मंडली के द्वारा भक्ति भाव बाजे गाजे के साथ जस गीत भी प्रस्तुत किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रहे। वही जो जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के विभिन्न घरों में श्रद्धालुओं के द्वारा व्यक्तिगत रूप जोत जवारा स्थापित किया गया था जिसका भी विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया जिसका विसर्जन नवमी को को सुबह गाजे-बाजे के साथ किया जाएगा

# लोकसभा चुनाव को लेकर नहीं है बेमेतरा जिला में कोई सुगबुगाहट

## मतदाता अपने दिनचर्या में मस्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दुर्ग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में इन दोनों लोकसभा चुनाव को लेकर भले ही नामांकन प्रक्रिया चल रही हो लेकिन बेमेतरा जिला के मतदाताओं को इस चुनाव के प्रति अभी तक कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रहा है यघपी प्रशासनिक स्तर पर लोकसभा चुनाव के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए विभिन्न प्रकार के योजना प्रयोग एवं कार्य योजना जिले में क्रियान्वयन किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी बेमेतरा जिले में के मतदाताओं को लोग दुर्ग लोकसभा चुनाव को लेकर अभी तक कोई विशेष दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है दुर्ग लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस एवं भाजपा दोनों राजनीतिक दलों के द्वारा अपने-अपने प्रत्याशी न केवल घोषित कर चुके हैं बल्कि दोनों राजनीतिक दल के प्रत्याशियों ने ताम-झाम के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया जा चुका है इसके अलावा बेमेतरा जिला मुख्यालय में दोनों राजनीतिक दलों के जिला केंद्रीय चुनाव कार्यालय का भी उद्घाटन की औपचारिकता निभाई जा चुकी है इसके साथ ही यहां पर चुनाव के शुरुआती दौर पर कांग्रेस वाले घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच छवि बनाने का प्रयास किया गया है वह दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प पत्र घोषित होने के बाद यहां अभी लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा जनता के बीच पहुंचना शुरू हो गया है।

**जिले में तीनों विधायक भाजपा से**

बता दे बेमेतरा जिला में तीन विधानसभा है जिसमें बेमेतरा के अलावा साजा तथा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र है विशेष बात यह है कि बीते साल में छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव हुआ जिसमें बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत हासिल किया जबकि उसके पूर्व तीनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी न केवल चुनाव जीते थे अपितु साजा के विधायक तत्कालीन विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था वही नवागढ़ की विधायक को संसदीय सचिव बनाया गया था यद्यपि इस बार केवल नवागढ़ के विधायक को ही कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है बेमेतरा और साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक को कोई पद नहीं दिया गया है जबकि बेमेतरा की राजनीति की हवा जिला मुख्यालय से शुरू होता है और नवागढ़ तथा साजा विधानसभा क्षेत्र की तक की पहुंचता है इसके बाद भी बेमेतरा जिला मुख्यालय के विधायकों को दोनों राजनीतिक दलों के द्वारा कभी भी राज्य सरकार में मंत्री पद से नहीं नवाजा गया है बल्कि साजा और नवागढ़ को ही प्राथमिकता दी गई है। बहरहाल इस बार दुर्ग लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा फिर से वर्तमान सांसद को ही फिर प्रत्याशी बनाया गया है वहीं कांग्रेस के द्वारा नए चेहरे को इस बार सामने लाया गया है। जनता व्यस्त है अपने दिनचर्या में प्रशासनिक स्तर पर अथवा विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर भली गंभीरता बनी हुई है और इसके लिए प्रशासन के द्वारा लगातार मतदाताओं को मतदान की प्रतिशत बढ़ाने के लिए करने के लिए सतत प्रयास भी किया जा रहे हैं वहीं मतदाताओं को रिझाने के लिए राजनीतिक दलों के द्वारा भी अपने स्तर पर प्रयास किया जा रहा है इसके विपरीत मतदाता तो राजनीतिक दल के द्वारा किए जा रहे प्रचार अथवा प्रशासनिक स्तर पर मतदाताओं को किए जा रहे जागरूकता अभियान के प्रति दिलचस्पी दिखाई दे रही है इसके पीछे भी एक प्रमुख कारण है कि इन दोनों अभी शादी का सीजन चल रहा है इसके अलावा बे मौसम बारिश होने से किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है जिसके चलते जहां किसान लोकसभा चुनाव के अपेक्षा या तो अपने खरीफ फसल को बचाने में जुटे हुए हैं या फ़िर अपने परिवार रिश्तेदार या बेटी बेटा के विवाह में व्यस्त हैं क्योंकि इस साल मई जून में कोई लगन नहीं होने के कारण या तो रामनवमी पक्ष में अपने लड़की लड़कों का विवाह कर रहे हैं या फिर अप्रैल के अंतिम सप्ताह के कुछ मुहूर्त में तथा मई महीने के शुरुआती सप्ताह में कुछ मुहूर्त है उसके बाद मई और जून महीने में विवाह का कोई मुहूर्त नहीं होने के कारण लोग अपने पुत्र सुपुत्री का विवाह करने में भी व्यस्त है इस संबंध में कुछ लोगों से चर्चा करने पर बताया कि इन दिनों बारिश का मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है जिसके कारण आए दिन बेमौसम बारिश ओलावृष्टि एवं बदली होने के कारण गेहूं धान चना सहित अन्य सब्जी पर इसका असर हो रहा है जिसको बचाने के लिए कोशिश कर रहे हैं और रहा सवाल लोकसभा चुनाव का तो अभी मतदान का दिन आने में बहुत दिन है मतदान के दिन किस देना है यह बाद में सोचेंगे बता दे की बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में किसान मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है और सारा दारोमदार किसान मतदाताओं के ऊपर ही निर्भर करता है कि किस चुनाव जीतेंगे इसलिए अभी बेमेतरा जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर किसी तरह की कोई दिलचस्पी मतदाताओं में दिखाई नहीं दे रही है।

# जांजगीर का सांसद बनने 11 नेताओं ने खरीदे नामांकन फार्म, दो नेताओं ने जमा भी कर दिया अपना नामांकन



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन में कुल 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 2 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला जांजगीर चांपा निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज आलोक कुमार सोनवानी राष्ट्रीय हिन्द एकता दल, मीना चौहान निर्दलीय, जगजीवन राम सतनामी आजाद जनता पार्टी, अनिल मनहर हमर राज पार्टी, मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, आनंद राम गिलहरे स्वतंत्र पार्टी, कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, गोपाल प्रसाद खुंटे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बिन्दा चौहान छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, दिनेश कुमार बंजारे निर्दलीय, नंद कुमार लहरे सर्व आदि दल ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही आज तिहारू राम निराला निर्दलीय ने 02, विद्या देवी सुन्दर समाज पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## कलेक्टर के निर्देशन में शत प्रतिशत मतदान कराने लगातार चलाया जा रहा स्वीप का महाभियान



लोकसभा चुनई तिहार 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले के मतदाताओ को जागरूक करने तथा शत प्रतिशत मताधिकार का उपयोग करने के लिए लगातार विभिन्न नवाचारी स्वीप गतिविधियाँ सक्ती जिले में आयोजित कराई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला स्तर, जनपद स्तर सहित गाँव-गाँव में युवाओ, महिलाओं, ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, वरिष्ठ मतदाता सहित सभी मतदाताओं को मताधिकार के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए प्रेरित करने लगातार नवाचार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गाँव-गाँव में जागरूकता गतिविधि, ब्लॉक स्तर पर बाइक रैली, स्कूटी रैली, मैराथन दौड़ प्रतियोगिता, गाँव-गाँव में दीवारों पर नारा लेखन, सभी राशन वितरण केन्द्रों में मतदान दिवस की जानकारी और जागरूकता के लिए सील लगाकर जागरूक करने, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जिले के विभिन्न औद्योगिक केन्द्रों में कार्यरत श्रमिकों के मध्य संवाद सेतु व शपथ कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सभी जनपदों में कलश यात्रा व शपथ कार्यक्रम, सभी जनपद कार्यालय में मतदान से सम्बंधित स्टॉल व सेल्फी पॉइंट, दिव्यांगजन व तृतीय लिंग सम्मलेन कार्यक्रम, होली मिलन उत्सव व स्वच्छता अभियान सहित कई नवाचार गतिविधियां लगातार की जा रही है। जिले में आयोजित हो रहे स्वीप गतिविधियों में सभी वर्ग के नागरिक स्वस्फूर्त बड़ी संख्या में शामिल हो रहे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जिले के सभी मतदाताओ से लोकतंत्र के महापर्व 07 मई 2024 को अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील की है, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा सक्ती जिले में 14 मार्च 2024 को माँ चंद्रहासिनी के दर्शन कर जिले के सुख समृद्धि और सुशासन की प्रार्थना के बाद कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सक्ती जिले के दूसरे कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया गया। कलेक्टर द्वारा पदभार ग्रहण करने के तत्काल बाद जिले में सुव्यवस्थित मतदान कराने तथा अन्य आवश्यक निर्वाचन कार्य समय पर संपादित करने संबंधित अधिकारियों की विशेष बैठक लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

# रुक्मणी-कृष्ण विवाह, अद्भुत प्रेम और आदर्श का प्रतीक : ब्यासपीठ पं. मनोज पाण्डेय

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com



चांपा के स्व. जीवनलाल साव सामुदायिक भवन में सुरेंद्र केसरवानी, राकेश केसरवानी एवं परिवार द्वारा स्व. देवकुमारी केसरवानी के वार्षिक श्राद्ध निमित्त श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित है जहां कथा के छठवें दिन के प्रसंग का विस्तार करते हुए श्रद्धेय ब्यासपीठ पंडित मनोज पाण्डेय ने बताया कि देवी रुक्मणी एवं भगवान श्रीकृष्ण के मांगलिक विवाह के संबंध में रोचक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विदर्भ राज्य के राजा भीष्मक के एक पुत्र रुक्मी एवं एक पुत्री रुक्मणी थी । राजा भीष्मक अपनी पुत्री से बहुत प्रेम करते थे और उनके विवाह के लिए योग्य वर की तलाश में थे ।मगर देवी रुक्मणी के मन में शुरू से ही भगवान श्री कृष्ण की छवि बनी हुई थी । मथुरा के राजा कंस को परास्त करने एवं अन्य बड़े-बड़े महारथी को परास्त करने वाले श्री कृष्ण की कथा रुक्मणी ने कई लोगों से सुन चुकी थी इसलिए देवी रुक्मणी ने ठान ली थी कि वह श्री कृष्ण जी से ही विवाह करेंगी । इधर जब जरासंध को इस विषय में पता चला कि रुक्मणी कृष्ण से प्रेम करती हैं और वह श्री कृष्ण जी से विवाह करना चाहती हैं । तब जरासंध ने देवी रुक्मणी के भाई रुक्मी के साथ मिलकर रुक्मणी की शादी शिशुपाल के साथ तय कर लिया । मगर विधि को तो कुछ और ही मंजूर था इसलिए यह विवाह कभी हो ना सका । देवी रुक्मणी के पिता भी रुक्मणीजी का विवाह श्री कृष्णजी के साथ करने के लिए सहमत थे , किंतु रुक्मणी के भाई रुक्मी और जरासंध को जैसे ही पता चला कि श्री कृष्ण जी के साथ रुक्मणी के विवाह के लिए पिताजी राजा भीष्मक तैयार हैं , तो वह रुष्ट होकर अपने पिताजी एवं बहन रुक्मिणी देवी को कारागार में डाल दिया। कारागार में ही देवी रुक्मणी ने श्री कृष्ण की सखी एवं बरसाने की रानी राधा को पत्र लिखा और बताया कि उनके भाई रुक्मी द्वारा उन्हें और उनके पिताजी को बंधक बना लिया हैं और उनकी शादी जबरदस्ती शिशुपाल से करना चाहते हैं इसलिए श्री कृष्ण उन्हें बचाने के लिए विदर्भ राज्य पधारें। तब श्री कृष्ण जी रुक्मणी के रक्षा के लिए विदर्भ राज्य गए । वहां देवी रुक्मणी जी का स्वयंवर चल रहा था।

# खाकी वर्दी की मानवीय संदेवना, खरसिया पुलिस ने भटके विक्षिप्त युवक को परिजनों से मिलाया

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



चुनाव कार्य में व्यस्तता के बीच पुलिस का संवेदनशील चेहरा फिर सामने आया है। कल सुबह डॉयल 112 को सूचना मिली कि ग्राम परसापाली की ओर एक अज्ञात व्यक्ति को घरों के सामने मंडराते देखा गया है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही और वह युवक अपना नाम, पता बताने में भी अक्षम है। डॉयल 112 के कमान कंट्रोल ने आवश्यक कार्रवाई के लिए इंवेट खरसिया राइनो को दिया। खरसिया राइनो स्टाफ द्वारा गुमध्विक्षिप्त युवक के मिले इंवेट की जानकारी प्रशिक्षु आईपीएस थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल एवं खरसिया थाने के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर को दिया गया। तत्काल खरसिया पुलिस कॉलर से संपर्क कर युवक का पता करते हुए ग्राम बरभौना थाना छाल पहुंचे। मौके पर ही एएसआई लक्ष्मी राठौर द्वारा अर्द्ध विक्षिप्त प्रतीत हो रहे युवक का फोटो व्हाटसअप ग्रुपों में शेयर कर पता लगाया गया जिस पर भटके युवक के समीप गांव के होने तथा युवक की मानसिक स्थिति कमजोर होने की जानकारी मिली। खरसिया पुलिस द्वारा डॉयल 112 वाहन से अर्द्ध विक्षिप्त युवक को उसके घर ले जाकर उसके मामा के सुपुर्द किया गया। उसके मामा ने बताया कि वही युवक का पालन पोषण कर रहा है, आज सुबह अचानक भांजा कहीं चला गया था। उसने खरसिया पुलिस को सकुशल भांजे को घर पहुंचाने के लिए धन्यवाद दिया। सराहनीय कार्य में थाना खरसिया के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर और डायल 112 आरक्षक भगवती लक्ष्मे का विशेष योगदान रहा है।

# पैदल मवेशी तस्करी करते चार पकड़ाये तमनार पुलिस ने 45 मवेशियों को कराया मुक्त



तमनार क्षेत्र के रोडोपाली मुडागांव मार्ग पर पशु तस्करी की मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार पशु तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके कब्जे से 45 मवेशियों को बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात्रि थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद रहटगांवकर को सूचना मिला कि रोडोपाली से मुडागांव जाने वाले रास्ते में कुछ पशु तस्कर कृषक मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते पीटते पैदल लेकर जा रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफके साथ कार्रवाई के लिए ग्राम रोडोपाली पहुंचे। जहां गांव के सुरेन्द्र डेहरी ने बताया कि उन्होंने चार व्यक्तियों को मवेशियों को मारते पीटते लेकर जाते हुए रोका और सूचना दी है। मौके पर तमनार पुलिस ने चार पशु तस्कर आरोपी मनोज यादव पिता शंख प्रसाद यादव उम्र 19 साल निवासी छर्राटांगर थाना पूंजीपथरा, बुद्धू राम एक्का पिता बिहानू एक्का उम्र 44 साल निवासी नारायणपुर मुड़ापारा थाना लैलूंगा,रमेश कुमार मांझी पिता लक्ष्मण मांझी 31 साल नारायणपुर मुड़ापारा थाना लैलूंगा, गुरुदेव ध्रुव पिता शुभम ध्रुव उम्र 45 साल निवासी लपई थाना कांसाबेल जिला जशुपुर के कब्जे से 45 नग कषिधन मवेशियों को पुलिस कब्जे में लेकर उनके चारा पानी की व्यवस्था की गई। प्रार्थी सुरेंद्र डेहरी के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना तमनार में धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# 8 नवंबर से 15 नवंबर तक होंगा सामूहिक अष्टोत्तर सहस्त्र श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्सव

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



आगामी 8 नवंबर से 14 नवंबर तक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहे हैं, इस कार्यक्रम का आयोजन शक्ति की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था पराशक्ति ज्योतिष पीठम परिवार द्वारा किया जा रहा है, जन सहयोग से आयोजित इस सामूहिक कार्यक्रम में परम पूज्य महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती (भरत जी महाराज) के सानिध्य में समस्त कार्यक्रम संपन्न होंगे तथा यह पहला अवसर होगा कि छत्तीसगढ़ की इस पुनीत पवित्र धरा पर बड़े भव्य धार्मिक आयोजन एक साथ संपन्न होंग,तथा उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जहां महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती जी महाराज ने सभी श्रद्धालु भक्तों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है, तो वही 8 नवंबर से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में जहां 12 एवं 13 नवंबर को तुलसी शालिगराम विवाह एवं एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम होगा, तथा इस कार्यक्रम के लिए ?21000/-रुपये की सहयोग राशि रखी गई है,आयोजक संस्था द्वारा तुलसी शालिग्राम एकादशी उद्यापन एवं एक भागवत पारायण कथा में संयुक्त रूप से शामिल होने पर इसके लिए 31000/-रुपए की राशि रखी गई है,तथा श्रद्धालु दोनों ही धार्मिक कार्यक्रमों की पूजा में संयुक्त व्यवस्था का भी लाभ ले सकते हैं, वहीं 8 नवंबर से 15 नवंबर तक होने वाले कायक्रमों में प्रमुख रूप से 11000 शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक के लिए सहयोग राशि 11000/-रुपये रखी गई है।

# जीएससी इंग्लिश मीडियम स्कूल ने जारी किया होम एग्जाम के वार्षिक परीक्षा परिणाम

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में संचालित क्षेत्र प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, जैजैपुर ने होम एग्जाम के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। 10 अप्रेल को दोपहर 3 बजे विद्यालय के संचालक जी.एस.चन्द्रा जी ने परीक्षा परिणाम जारी किया। इस वर्ष सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम के साथ ही साथ टॉप टेन में स्थान बनाने वाले छात्र/ छात्राओं की सूची विद्यालय के सूचना पटल और व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी गई थी। परिणाम से असंतुष्ट पालकों को दावा आपत्ति के लिए 13 अप्रेल तक का समय दिया गया था। कक्षा नर्सरी में सांवी बरेठ 99.67%, कियांशु साहू, आयुष 99.33%, गुनित सिदार 99%, जया यादव, हर्षिता साहू, दृति रत्नाकर, जयेश चन्द्रा 98.67%, दिव्यांश चन्द्रा, अंशुमन रात्रे 97.67%, कक्षा एलकेजी ईशान साहू, रियांश चन्द्रा, आराध्या महिलांगे, पार्थ चन्द्रा, चंद्रकांत चन्द्रा, एलिशा खांडेकर, राजीव कश्यप, खुशिका साहू 100%, अंशी खूंटे, इशिता चन्द्रा, आयशा खान, हर्ष चन्द्रा 99.67%, हर्ष कुमार साहू, अदब फातिमा, कृतार्थ धीवर, अक्षिता राय, वैभव प्रेमी, आरव महिलांगे, कुनाल सिंह सिदार, तारुश कटकवार 99.33%, शिक्षा कर्ष, अनन्या साहू, एमानुएल भारद्वाज 99त्न, काव्या चन्द्रा 98.67%, एलकेजी (हिन्दी माध्यम) महामाया चन्द्रा 100%, सेजा 89%, कक्षा यूकेजी सौम्या यादव अहाना कर्ष, कात्यायनी साहू, कानिश लहरे, शिवम कुमार सांडे 100%, प्रियांशी सिदार, मोक्षिता चन्द्रा, आयत फातिमा, इनाया अग्रवाल 99.67%, लालिमा चन्द्रा 99.33त्न, गीतेश साहू, दृश्ब रात्रे, चंद्रवेश चन्द्रा, राशि चन्द्रा 99%, साक्षी चन्द्रा, देवांशी चन्द्रा, निशिका खाखा, डिम्पल लहरी, प्रभांश कुमार बंजारे 98.67%, यूकेजी (हिन्दी माध्यम) उजिता कुमारी 87.67%, उन्नति कुमारी 87.33%, प्रिंस कुमार कुंभकार 87%, कक्षा पहली (अंग्रेजी माध्यम) नमिता सिदार, अविनाश पटेल 100त्न, आयुष देवांगन 99.75%, जानविका लाठिया 99.50%, गुनीत वैष्णव।

# जय भीम की नारो से गूंजा चांपा शहर, जुलूस में उमड़ा जन सैलाब

■ डाक्टर अंबेडकर की 134वीं जयंती चांपा में धूमधाम से मनाई गई


पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com





संविधान निर्माता डॉक्टर साहब अंबेडकर की 134 वीं जयंती चांपा में धूमधाम से मनाई गई। चांपा में रैली निकाली गई, जय भीम के नारों के साथ भी गीतों पर निकाली गई रैली ने नगर का भ्रमण किया ।रैली के दौरान और युवाओं और अंबेडकर अनुवाइयो ने जमकर थिरककर अपनी खुशियों का इजहार किया । साथ ही जय भीम के धुन में सभी जमकर थिरके ,शुक्रवार को चांपा के घठोली चौक में सुबह 10बजे से बाबा साहब अंबेडकर के अनुयायियों एकत्र हुए, जिसमें आसपास गांव से अफरीद, पचौरी कमरीद, जाटा, बालपुर, सिवनी, कुर्दा, महुदा, मड़वा, बिरगहनी, कोटडबारी, जगदल्ला रैली के साथ घठोली चौक में एकत्र हुए, जहां से रैली को स्टेशन रोड ,बरपाली,थाना चौक, बेरियर, मोदी चौक, सदर बाजार होते हुए अंबेडकर भवन चांपा में बाबा साहब अंबेडकर के प्रतिमा पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण किया गया, जिसके बाद बाबा साहब के विचारों बहुजन महापुरुषों के जीवन परिचय और आंदोलन विषय एवम उनके किए गए कार्यों को उपस्थित जनों के बीच विस्तार से रखा गया । जयंती के अवसर पर अलग,अलग जगह पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह सतर्क चांपा थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ मुस्तैद नजर आए पुलिस प्रशासन की हर चौक चौराहे पर सतर्क दिखाई दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन सहयोग के लिए आयोजन टीम ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

# 154 साल पुराने श्री बांके बिहारी मंदिर के नवनिर्माण की 3ष्ठ का अनावरण 17 अप्रैल को




पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत देश में आजादी के पूर्व से लगभग 154 वर्ष पुराने श्री बैजू अग्रवाल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ के इकलौते श्री बांके बिहारी जी के मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य नयापारा रायपुर में तीव्र गति से जारी है,मंदिर की बाहरी साज सज्जा और स्वरूप कैसा होगा इस पर आधारित एक 3D डिजाइन का अनावरण कल शाम 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी के पावन अवसर पर संध्या 6:00 बजे मंदिर परिसर में किया जाना है, यह डिजाइन हमारी पुरातत्व कला का एक सुंदर उदाहरण है, उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री बांके बिहारी मंदिर निर्माण समिति के सदस्य डॉ अशोक सियाराम अग्रवाल रायपुर ने बताया कि इस अवसर पर हमने प्रयत्न किया है कि हमारे रायपुर शहर के समस्त गणमान्यनागरिक इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे। इसी प्रयास के तहत हम आपसे लगातार विभिन्न माध्यमों के द्वारा संपर्क कर रहे है, डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा है कि मंदिर सेवा के इस कार्य में आप सभी को अपने-अपने मित्रों को परिचितों को साथ लेकर आना है, मंदिर निर्माण समिति में जुड़े हुए सभी सदस्यों का यह दायित्व है कि, वह इस कार्य को पूरी प्राथमिकता के साथ करें,साथ ही श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट एवं मंदिर निर्माण समिति पेठा लाइन, सदर बाजार रायपुर (छत्तीसगढ़) ने भी समस्त धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

में ढोल नंगाडे और आतिशबाजी के साथ होगा महाआरती

# श्रीराम नवमी पर्व पर साधु संतो और श्रद्धालुओ की उपस्थिति में भक्तिमय वातावरण में श्री राम जन्म उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





मंदिरो की नगरीय धर्म धरा शबरी धाम शिवरीनारायण मे श्री राम नवमी श्री राम जी के प्रारागटय दिवस की तैयारियां पूर्ण हो गयी है । छत्तीसगढ के प्रमुख तीर्थ स्थल गुप्त प्रयाग शिवरीनारायण के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में श्री रामनवमी पर्व के मद्देनजर मंदिर की साफसफाई, रंग रोगन कर पुताई किया गया है और मंदिर के ग्रभगृह को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित हरीश कुमार भोगहा ने बताया कि आनंदकंद मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का जन्मउत्सव श्री रामनवमी का पावन पर्व 17अप्रैल 2024 दिन बुधवार दोपहर ठीक 12बजे साधु संतो और श्रद्धालुओ की उपस्थिति में भक्तिमय वातावरण में श्री राम चंद्र जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा तदपश्चात श्री शिवरीनारायण भगवान जी और श्री राघवेन्द्र सरकार श्री रामचंद्र जी की महाआरती की जाएगी तथा श्रद्धालुओ को पंजरी और पंचामृत का विशेष प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम के समय श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में लगभग 1100 से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा 108 आकाशदीप आसमान में छोड़े जाएंगे रात्रि में भी भगवान श्री शिवरीनारायण जी की महाआरती ढोल नगाड़े और शंख की मधुर ध्वनि और आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। मुख्य मंदिर के पुजारी पंडित हरीश कुमार भोगहा ने यह भी बताया कि भगवान श्री विष्णु जी का सातवां अवतार श्री रामचन्द्र जी है भगवान श्री रामचंद्र जी का चैत्र माह के नवमी तिथि को दोपहर के समय पुनवस नक्षत्र तथा कर्क लग्न में हुआ था भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म के समय सभी ग्रहों की स्थिति बहुत ही शुभ लग्न में था। भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म होने पर पूरे अयोध्यावासियों के साथ देवलोक के सभी देवी देवताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फूलों की वर्षा कर खुशियां मनाई। श्री रामनवमी के पावन तिथि पर कोई भी शुभ कार्य शुरू किया जाता है तो उसमे निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है नया वाहन, सोने चांदी की खरीदी तथा नया व्यापार भी रामनवमी के दिन प्रारभ किया जाना बहुत ही शुभ होता है ।श्री राम नवमी के महापर्व को धुमधाम से मनाने श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर को विद्युत झालरों से सजाया गया है और दिन भर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, पूजन श्रद्धालुओ के द्वारा श्री राम नाम का संकीर्तन किया जाएगा।।रात्रि में श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में पंडित औमप्रकाश शर्मा खरौदवाले के साथ साथियों और श्रद्धालुओ के द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड का सस्वर गायन कर पाठ किया जाएगा। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के साथ ही श्री राम जानकी मंदिर, राम मंदिर, श्री जगन्नाथ मंदिर, मठ मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, केवट समाज द्वारा निर्मित श्री चौबीस अवतार श्री राम जानकी मंदिर, मारवाडी समाज का हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण भगवान मंदिर, बस स्टैंड के पास गुरुरूपी हनुमान मंदिर,माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर के साथ ही नगर के राम गमन पथ को जगमगाते दीपों से सजाया जाएगा ।

# युवा, नारी, किसान और गरीब को सशक्त करना भाजपा का लक्ष्य

## कृषि में अनुसंधान और जागरुकता को बढ़ावा देने के साथ प्राकृतिक खेती और सिंचाई सुविधाओं में होगा विस्तार

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पूरे देश ने इस बात को माना है कि 'मोदी की गारंटी, यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है, तो यह पूरा होकर रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में जिस विचार को साझा किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने आगे बढ़ाया, भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र' उसी वैचारिक अधिष्ठान का पर्याय है। गरीब के भोजन की थाली पोषण युक्त हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों ना हों, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। सबका साथ, सबका विकास का भाव, भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। भारत दुनिया को दिशा दिखा रहा है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। भाजपा का संकल्प, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। इससे वैल्यू एडीशन होगा, किसान का फायदा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। ये फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स, रूरल इकॉनॉमी के नए ग्रोथ इंजन बनेंगे। भाजपा भारत की बुनियाद सोशल, फिजिकल एवं डिजिटल तीन तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है। भाजपा ने देशहित में बड़े और कड़े निर्णय लिया है। हमारे लिए दल से बड़ा देश है। नारीशक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। हमारी सरकार ने धारा 370 को हटाया और हम सीएए लेकर आए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेंगे। सभी स्तर के चुनाव के लिए कॉमन इलेक्टोरल रोल का प्रावधान करेंगे। भाजपा एक समान नागरिक संहिता बनाने के लिए अपने रुख को दोहराती है, जिसमें सर्वोत्तम परंपराओं को शामिल किया जाएगा और उन्हें आधुनिक समय के साथ जोड़ा जाएगा। भाजपा के घोषणा-पत्र में युवाओं के लिए भर्ती परीक्षाओं का समयबद्ध और पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया जाना शामिल है। पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी तरह पीएम आवास के तहत 3 करोड़ नए घर बनाएं जाएंगे। रसोई गैस की सप्लाई पाइप से की जाएगी। लोगों को बिजली बिल से राहत देने शून्य बिजली बिल पर पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत करोड़ों परिवारों बिजली की पूर्ति की जाएगी। मुद्रा ऋण योजना के तहत ऋण सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया है। पीएम किसान योजना से किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूत करने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी। प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी। दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता। सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। कृषि में अनुसंधान और जागरुकता की भी बढ़ावा देने के साथ प्राकृतिक खेती और सिंचाई सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। देश में एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। महिला स्व सहायता समूह को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला स्व सहायता समूह उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। समान नागरिक संहिता भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परम्पराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए।

# गांधी चौक में बन रहा अवैध चबूतरा, नगर पालिका ने हटाया रातों-रात हो रहा था चबूतरा निर्माण, जानें क्या मंशा थी

## आचार संहिता में इस तरह का बिना अनुमति के निर्माण कार्य 16 फीट की रोड में 4 फीट चबूतरा निर्माण हो रहा था

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में हृदय स्थल गांधी चौक जहां पर गांधी जी की प्रतिमा है और गांधी जी की प्रतिमा कई वर्षों से बना हुआ है, उसके बगल में दुर्गा मेडिकल के सामने ही चबूतरा भी बना हुआ है और गांधी चौक के नाम से यह जगह जाना जाता है जहां पर कई मुख्य मार्ग को आपस में जोड़ती है और इसी जगह पर रातों-रात किसी मनु तिवारी ठेकेदार के द्वारा अवैध तरीके से पहले बना हुआ चबूतरा में ही जोड़ते हुए और चबूतरा को बड़ा करने का कार्य किया जा रहा था, जाने क्या रही होगी मंशा क्योंकि आसपास के निवासियों ने बताया यह अवैध तरीके से रातों-रात बन रहा था की सूचना जिलाधीश, अनुविभागीय अधिकारी बलौदाबाजार तथा नगर पालिका परिषद में दी गई। जिसे नगर पालिका के अम्ला, राजस्व निरीक्षक व पटवारी ने जाकर मौका जांच किया पंचनामा रिपोर्ट तैयार किया गया और अवैध निर्माण को देखते हुए साथ ही साथ हृदय स्थल गांधी चौक की जगह जहां पर चबूतरा निर्माण हो रहा था वहां पर वास्तव में देखा जाए तो रोड को क्रॉस करते हुए, आवागमन बाधित होने के आशंका, साथ ही साथ और कई तरह की चबूतरा बनने से दिक्कत व परेशानियां होती और बिना ही अनुमति के जिस प्रकार से अवैध चबूतरा का निर्माण होना आखिर मंशा क्या रही होगी क्या उसमें कुछ आगे कालम टिकाने की और उसमें क्या निर्माण करने की मंशा रही होगी यह तो परमात्मा ही जाने, मगर स्थिति परिस्थिति को देखते हुए अवैध निर्माण कार्य को बिना ही कारण गति देने की दिशा को देखते हुए नगर पालिका अम्ले ने तोड़ा और आगे इस तरह की गलती नहीं करने की कवायत व हिदायत भी दी गई। नगर पालिका के कार्य प्रणाली को देखते हुए व्यापारियों ने खुशी जाहिर की। अवैध निर्माण पर हमेशा प्रशासन की कहर जारी रहेगी अतः इस तरह की गलतियां कोई भी ना करें।

# ओम सोनी का नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में चयन

पायनियर संवाददाता थान खमरिया
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय थानखमरिया में कक्षा पांचवी अध्यनरत छात्र ओम सोनी पिता राजेंद्र सोनी का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है, साथ ही उसका चयन सैनिक स्कूल अंबिकापुर में भी हुआ है। ओम सोनी के पिताजी राजेंद्र सोनी ने बताया कि ओम बाल्यकाल से ही प्रतिभाशाली और बहुमुखी प्रतिभा का विद्यार्थी है। ओम का विशेष रुची गणित एवं विज्ञान अंग्रेजी जैसे विषयों पर रहा है, ओम शुरू से छात्र मेघावी रहा छात्र के इस चयन पर विद्यालय परिवार और नगर वासियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है आत्मानंद विद्यालय प्राचार्य मनीष चौबे भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, राकेश जोशी, रोहित राजपूत, अजय जोशी, मांडले बाबू, सुरेश सिंघानिया, राहुल छाबड़ा ने बधाई दिया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कमल खिलाने का लिया संकल्प



पायनियर संवाददाता थान खमरिया
www.dailypioneer.com

देश में हो रहे आम चुनाव आगामी 11 अप्रैल को लोकसभा चुनाव दुर्ग के साजा विधानसभा नवागढ़ विधानसभा प्रभारी ने प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर चुनावी बैठक महिला मोर्चा ने ली, जिसमें सर्वप्रथम खमरिया मंडल की बैठक ली गई। जिसमें साजा प्रभारी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रीना साहू जिला अध्यक्ष ललिता साहू प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं नवागढ़ प्रभारी लक्ष्मी वर्मा जिला कोषाध्यक्ष एवं नवागढ़ प्रभारी सरिता जैन मंडल अध्यक्ष थान खमरिया नमिता सिन्हा महामंत्री रेखा शर्मा उपाध्यक्ष हीरामणि इंदु कुंभकार एवं सभी मातृ शक्तियों शामिल हुई। नवागढ़ के मुरता गांव में एवं मारो मंडल के तेंदुआ गांव में सभी महिलाओं के साथ बैठक ली गई। इसमें मूरता गांव की मंडल अध्यक्ष खेमिन्न साहू प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्गा सोनी एवं जिला महामंत्री मधु राय भी शामिल रही। बैठक में संकल्प लिया गया अबकी बार 400 पार। मोदी के कुशल नेतृत्व में और विकास को देखते हुए खमरिया से एवं मारो मंडल से काफी महिलाओं ने भाजपा प्रवेश किया, महिलाएं बहुत प्रभावित हैं सरकार की योजनाओं से और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यों से जो कहा वह सांय सांय हो रहा है, और आगे भी होता रहेगा, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष सरिता जैन ने बताया कि इसी प्रकार महिलाओं एवं नारी शक्तियों का सतत बैठक एवं कार्यक्रम चलते रहेंगे एवं देश की आदि आबादी को इसमें जोड़ा जाएगा।

# प्रथम चरण का मतदान के लिए 76 अति संवेदनशील क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर से मतदान दलों की हुई रवानगी



पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर का मतदान 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से 03 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होनी है जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्ण ही जा चुकी है। जिले में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है ताकि मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। संसदीय क्षेत्र बस्तर क्रमांक 10 के अर्न्तगत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में मतदान की पूरी तैयारियां की गई है। बीजापुर जिले के अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील चिन्हाकिंत 76 मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से मतदान दलों की रवानगी सुबह से शुरू हो चुकी है। मतदान दलों को चिन्हाकिंत मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। जिले में कुल 245 मतदान केन्द्रों के लिए 1352 मतदान कर्मी, 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माईक्रो आर्ब्जवर जिसमें रिजर्व नियुक्त किया गया है। इसी तरह पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती जिले में की गई है ताकि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो सके।

# गौरीशंकर अग्रवाल मां चंद्रहासिनी के दरबार पहुँच प्रदेश की खुशहाली की कामना की



**लवन।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल अपने परिवार सहित जांजगीर चांपा जिले के चन्द्रपुर की छोटी सी पहाड़ी के ऊपर विराजित मां चंद्रहासिनी देवी माता के दर्शन किए एवम मंदिर समिति द्वारा आयोजित, प्रख्यात भजन गायिका स्वाति मिश्रा के भजन संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव जांजगीर चांपा लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े एवं डॉ राजू अग्रवाल, मंदिर समिति सदस्य सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# प्रयास अभियान के तहत नि:शुल्क कोचिंग

## नव-अंकुर फाउंडेशन की पहल, रोजगार मूलक ट्रेनिंग भी दी जाएगी

**कसडोल।** नव-अंकुर फाउंडेशन द्वारा प्रयास नामक अभियान का छत्तीसगढ़ राज्य में क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण विशेषकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों के होनहार और जरूरतमन्द 500 विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं के बाद एक साल के लिए समस्त मेडिकल, इंजीनियरिंग व एग्रीकल्चर प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना एवं पढ़ाई के प्रति उदासीन विद्यार्थियों को निःशुल्क रोजगारमूलक ट्रेनिंग प्रदान करना है। जिसके अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो एडिटिंग, ब्यूटी पार्लर, व्यापम प्रतियोगी परीक्षाओं तथा कंप्यूटर संबंधित प्रशिक्षण शामिल है। इस अभियान हेतु चयनित विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता नव-अंकुर से जुड़े कुछ गणमान्य सदस्य एवं प्राइवेट संगठन करेंगे एवं पढ़ाई आवास संबन्धित प्रबंधन कार्य नव-अंकुर फाउंडेशन करेगा। इस निःशुल्क कोचिंग एवं ट्रेनिंग हेतु विद्यार्थियों का चयन साइकोमेट्रिक टेस्ट एवं इंटरव्यू के द्वारा होता है, जो कि अभी 15 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 मई तक जारी रहेंगे। इच्छुक प्रतिभागी गोल चौक, रोहिणीपुरम स्थित नव-अंकुर फाउंडेशन के कार्यालय मे सीधे आ कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं या वेबसाइट अथवा 8871866806, 9584786393 नंबर के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

# मुंबई टू गोवा क्रूज में आयोजित नारी फर्स्ट फैशन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की अमृता गजेंद्र ने पूरे भारत से आई प्रतिभागियों में टॉप टेन में स्थान हासिल किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुंबई टू गोवा कोर्डेलिया क्रूज में आयोजित नारी फर्स्ट फैशन शो में भारत के विभिन्न प्रदेशों से 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजधानी रायपुर की रहने वाली अमृता गजेंद्र ने कड़े मुकाबले में टॉप 10 फाइनलिस्ट में अपना स्थान बना कर छत्तीसगढ़ को देश के पटल पर गोरवानिंत किया। नारी फर्स्ट शो में अमृता के छत्तीसगढ़ी लूक और छत्तीसगढ़ की संस्कृति की आयोजन कर्ताओं और ज्यूरी मेंबर्स ने सराहना की. अमृता पेशे से मेकअप आर्टिस्ट और युवा उद्यमी है। अमृता को मिली इस सफलता के लिए प्रिया सोनी, रिंकी अंसारी, डोला मोनिशा, नम्रता जायसवाल आदि दोस्तो ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

# हायर इंडिया ने पेश की एस800क्यूटी क्यूएलईडी सीरीज इमर्सिव व्यूइंग के लिए नया बेंचमार्क किया स्थापित

Haier
More Creation, More Possibilities

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी नवीनतम स्मार्ट क्यूएलईडी सीरीज एस800क्यूटी के लॉन्च की घोषणा की है। होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस सीरीज में 4के क्यूएलईडी डिस्प्ले है और यह 4 साइज 75, 65, 55 और 43 में आती है, जो सभी चैनलों पर 38,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। ऑल-न्यू क्यूएलईडी सीरीज एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करने, उन्नत सुविधाओं की पेशकश करने और मंत्रमुग्ध करने वाले डिजाइन तत्वों की हायर इंडिया की व्यापक प्रशंसा पर आधारित है। अपने मूल में क्वांटम डॉट तकनीक के साथ, एस800क्यूटी सीरीज रंगों का एक असाधारण स्पेक्ट्रम, अविश्वसनीय रूप से शानदार विजुअल्स और 4के डिस्प्ले के साथ बेजोड़ स्पष्टता प्रदान करती है। यह रेवोल्यूशनरी सीरीज दृश्यात्मक रूप से आकर्षक लुक के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करती है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को अपने घर के आराम से एक अद्वितीय सिनेमाई यात्रा में डुबो देना है। हायर इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने कहा, हायर में, हम घरेलू मनोरंजन अनुभव को लगातार पुनर्परिभाषित करने के लिए समर्पित हैं और फीचर पैक्ड एस800क्यूटी क्यूएलईडी सीरीज के साथ, हम अत्याधुनिक तकनीक और सौंदर्य संबंधी कुशलता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रदान कर रहे हैं। हमारा मकसद उपभोक्ताओं को ऐसी तकनीक सर्व करना है जो अपने घरों में बेजोड़ पिक्चर क्वालिटी और एक व्यापक सिनेमेटिक एक्सपीरियंस चाहते हैं। ऐसे में हायर इंडिया का लक्ष्य उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करना है और उन्हें एक अद्वितीय होम एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन देना है। नई क्यूएलईडी सीरीज का लॉन्च उपभोक्ताओं को बेस्ट टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट देने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो स्टाइल और इनोवेशन को जोड़ते हैं।

# महाअष्टमी पर पहाड़ी माई मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



महा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन किया जाता है व्ही अष्टमी तिथि देवी दुर्गा के नौ रूपों में से एक महागौरी को समर्पित है नवरात्रि नौ रातों तक चलती है जो दुर्गा के विभिन्न रूपों को समर्पित है चैत्र दुर्गा अष्टमी, जिसे महाअष्टमी के नाम से भी जाना जाता है जो एक महत्वपूर्ण हिंदू परंपरा है इस दिन भक्त देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं। इसी कड़ी में नगर के पहाड़ी माई मंदिर में समिति के सदस्यों एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था जहां हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। महा अष्टमी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पहाड़ी माई कि आरती से शुरुआत की गई, तत्पश्चात नन्हीं कन्याओं का चरण धोकर एवं उनको तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया गया। तत्पश्चात कन्या भोजन उपरांत उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के लिए भंडारा प्रारंभ किया गया जहां माता रानी के भक्तों ने मीठे एवं नमकीन भोजन का लुफ्त उठाया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य एवं धर्म स्वालंबी लोगों का ताता लगा रहा।

# रियलमी ने 15,999 रुपये के शुरुआती मूल्य सेगमेंट में सबसे अच्छी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के साथ रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज़ में 5जी स्मार्टफोन रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है, जो यूज़र्स को मोहित कर देगा। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज़ 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज़ 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं।

# तिल्दा के रेत तस्करों के हौसले बुलंद, शिकायत करने वाले ग्रामीण को घर जाकर दे रहे हैं धमकी, कार्रवाई की मांग तेज

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में पिछले कुछ अर्से से रेत की अवैध खनन एवं परिवहन चरम पर है जिसके चलते यह गांव पूरे छत्तीसगढ़ में सुर्खियां बटोर रही है। विपक्ष कांग्रेस तिल्दा केअवैध रेत खनन मामले को लोकसभा चुनाव में प्रचार करते हुए भी नजर आकर सरकार की कमजोरी को गिनाने की कोशिश भी किये जाने की खबर सूत्रों के हवाले से लगातार मिल रही है।तिल्दा के रेत तस्करों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह शिकायत करने वाले ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को धमकाने घर तक पहुंच जा रहे हैं। रेत के अवैध कारोबार में डूबे रेत तस्कर इतना बेखौफ है कि परिवार सहित शिकायत कर्ताओ के घर जाकर क्यों शिकायत करते हो कि धमकी चमकी देने का मामला प्रकाश में आया हुआ है। जो एक गम्भीर समस्या है ऐसे में भला राजस्व नुकसान को रोकने के दिशा में कौन कदम आगे बढ़ाएगा? शिकायत कर्ताओं के कारण ही सरकार की राजस्व नुकसान होने समस्या का हल लगातार देखने को मिल रहा है। जब सूचना देने वाले लोग ही रेत तस्करों के दंश से सुरक्षित नहीं होगा तो फिर ऐसे में शिकायत कैसे होगा और रेत तस्करी कैसे रुकेगा यह जिला प्रशासन एवं जिला कलेक्टर के लिए चिंतन का विषय है।ग्रामीणों ने मांग किये हैं कि तिल्दा में खनिज विभाग से नियमित एक या दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की फरियाद किये गए हैं ताकि तिल्दा से एक चम्मच रेत कोई भी तस्कर बाहर तस्करी के लिए नहीं निकाल सके। आपको बताते चलें कि नदी किनारे का एक रेत तस्कर अपने पत्नी सहित गांव के जागरूक समाजसेवी के घर सुबह सुबह पहुंच कर उन्हें धमकी चमकी देने पहुंचे हुए थे एवं शिकायत नहीं करने की दादागिरी किये जाने की बात मीडिया कर्मियों को मिल रहा है। सूत्रों का कहना है कि उक्त नदी किनारे अवैध कब्जा में बसा रेत तस्कर को किसी अपराधिक छवि के भाजपा कार्यकर्ता लगातार साथ मिल रहा है जिसके चलते वह रेत तस्कर कानून हाथ में लेने से भी बाज नहीं आने की शिकायत मीडिया कर्मियों को मिल रहा है। विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जनहितैषी एवं अपराध, अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के लिए सख्त है कि बात ग्रामीणों के मुंह से लगातार सुनते हुए आ रहे हैं। ऐसे में किसी अपराधिक छवि के भाजपा कार्यकर्ता को सरंक्षण शीर्ष नेतृत्व क्यों दे रहे हैं कि बात ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों से चर्चा में कहा है। क्योंकि अपराधी तत्व के कार्यकर्ताओं एवं रेत के अवैध कारोबारियों के चलते सरकार की छवि लगातार धूमिल हो रही है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर आगे यह भी बात कहा कि रेत की अवैध खनन परिवहन से भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृत होने के बाद बनी डोंगरीडीह-तिल्दा पक्की सड़क खराब हो रही है। जो आजादी के कई साल बीतने के बाद 2023में बनकर तैयार हुआ अभी ठीक से साल भर नहीं हुआ रेत से भरी ट्रैक्टर के चलने से गिट्टियां सड़क से उखड़ कर किनारे आ रही है जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे बन रहे हैं। ग्रामीणों ने पूर्णतः तिल्दा में रेत की अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने की मांग किये हैं। नहीं तो लोकसभा चुनाव में वोट की ताकत क्या है चुनाव परिणाम के नतीजे से पता चल जाएगा कि बात मीडिया कर्मियों से कहा गया है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम | धारा 13(2) नोटिस दिनांक | धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 103847402 | गृह ऋण | 1. गोपी कुमार श्रीवास 2. गीता श्रीवास | 30.03.2024 | रु. 10,65,714.05/- | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 0.03 एकड़ या 0.012 हेक्टेयर=121.28 वर्ग मी. जोकि ग्राम तुमडीबोड, पी.एच.एन.ओ. 04, पुराना खसरा नं. 558/1 (का भाग), न्यू खसरा नं. 558/14, आरएनएम- तुमडीबोड, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491661 एवं चौहद्दीः पूरब में - मोहम्मद युसुफ की भूमि, पश्चिम में - विक्रेता की भूमि, उत्तर में - धारसा (सड़क), दक्षिण में विक्रेता की भूमि |

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।


**प्राधिकृत अधिकारी**
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

दिनांकः 17.04.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

# प्रचार के लिए अब सिर्फ 08 दिन बाकी, शहरी क्षेत्रों में अब तक नहीं चढ़ा चुनावी रंग, केवल बैठकों पर जोर

- गाँव गांव घूमकर प्रत्याशी मांग रहे समर्थन
- फिलहाल भाजपा और कांग्रेस बराबर की स्थिति में

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मौसम खुलते ही गर्मी के तीखे तेवर के साथ सियासी पारा चढ़ता जा रहा है और प्रत्याशी व उनके समर्थक पसीना बहा रहे हैं लेकिन चुनावी रंग से वोटर्स दूर हैं। ना जुलूस और न ही रैलियों का नजारा दिख रहा है। गर्मी के कारण लोग घरों में ही दुबके रहते हैं। शादी सीजन के साथ ही नवरात्रि की व्यस्तता है। प्रचार में अब सिर्फ आठ दिन ही शेष हैं और इतने ही दिनों में सब कुछ पार्टियों को करना है। ऐसे में अब आज रामनवमी के बाद ही भाजपा और कांग्रेस की असल लड़ाई जनता को देखने मिलेगी। भाजपा के बाद कांग्रेस भी अब अपने स्टार प्रचारकों को बुलाने की तैयारी कर रही है। प्रियंका गांधी आगामी 21 अप्रैल को आएंगी। लोकसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। चुनाव मैदान में 15 प्रत्याशी हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भूपेश बघेल एवं संतोष पांडे के बीच है। ये दोनों प्रत्याशी पिछले एक माह से जनता के बीच हैं और गाँव गाँव जा कर अपने लिए समर्थन जुटा रहे हैं । भाजपा-कांग्रेस दोनों ने ही प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। खैरागढ़ क्षेत्र में सीएम विष्णुदेव साय के बाद केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की चुनावी सभा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा टल गया है। कांग्रेस में पूर्व सीएम एवं प्रत्याशी भूपेश बघेल स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। हालांकि कांग्रेस भी अपने स्टार प्रचारकों को बुलाने की तैयारी में है। भले ही प्रत्याशी एवं उनके समर्थक पसीना बहा रहे हैं लेकिन शहर से लेकर गांवों में अभी तक चुनावी रंग नहीं चढ़ पाया है। गर्मी का ताण्डव रूप सामने आ रहा है और ज्यादातर लोग दोपहर में घरों में ही दुबके रहते हैं। शादी सीजन भी शुरू हो गया। खरमास खत्म होते ही शादी के साथ ही मांगलिक आयोजन शुरू हो चुके हैं। अप्रैल में कुल छह मुहूर्त है और इसी अवधि में खूब शादियां है। नवरात्रि भी चल रही है। हिन्दुओं का यह बड़ा पर्व है।

### भाजपा व कांग्रेस के परिजनों ने सम्हाली कमान

पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा के संतोष पांडेय व कांग्रेस के भूपेश बघेल के परिवार के लोगों ने भी मोर्चा सम्हाल लिया है। विभिन क्षेत्रों में भूपेश बघेल की पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल, पुत्री स्मिता बघेल ने प्रचार शुरू कर दिया है। इसी तरह संतोष पांडेय की पत्नी व पुत्र भी विभिन्न क्षेत्रो न में कमान सम्हाले हुए हैं।



### राजनांदगांव विधानसभा की लीड अभिषेक के लिए प्रतिष्ठा का विषय



लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा का प्रभारी पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को बनाया गया है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में उन्होंने ही प्रमुखता से इस विधानसभा को लेद किया था और डाक्टर रमन सिंह 45000 से ज्यादा मतों से जीत कर आये थे अब इस बार यदि राजनांदगांव विधानसभा में 45000 से कम लीड आती है तो इसका सीधा ठीकरा अभिषेक सिंह पर ही फोड़ा जाएगा। इसलिए इस विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा लीड लेना अभिषेक सिंह के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन चुका है। हांलाकि वह सभी क्षेत्रों में निरंतर दौरा और बैठक कर रहे हैं।

# भाजपा के अपराधिक कृत्यों पर अपराध दर्ज कराए आयोग : कांग्रेस

- निर्वाचन को दूषित करने अपराध की पराकाष्ठा पार चुकी है भाजपा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि लोकसभा सीटों में अपनी हार को देखते हुए भाजपाई लगातार प्रत्याशी भूपेश बघेल के चरित्र हनन का प्रयास कर रहे हैं। यह भाजपाइयों के आपराधिक मानसिकता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ लोकतंत्र के शांतिपूर्ण निर्वाचन में बाधा पहुंचाने का कार्य है। भाजपा आईटी सेल के प्रदेश के बाद जिला स्तर पर इस प्रकार का कृत्य आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ व्यक्तिगत आक्षेप लगाने वाला भी अपराधिक कृत्य किया गया है। इसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश युंका महासचिव मानव देशमुख, शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन, सचिव अतुल शर्मा ने रिटर्निंग आफिसर राजनांदगांव से की है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि पूर्व में भी प्रदेश भाजपा आईटी सेल की आयोग के समक्ष प्रमाणित शिकायत की गई थी जिसके बाद भी भाजपाइयों के हौसले बुलंद है और निर्वाचन आयोग को आम जनता के बीच में बौना साबित कर रहे है। उन्होंने कहा कि - भाजपा के जिला आईटी सेल के पदाधिकारी गिन्नी चावला के द्वारा फिल्म के क्लिपिंग में किरदारों के चेहरे पर एडिटिंग कर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल डीप मॉफर्ड (माफर्ड वीडियो) बनाकर बेबुनियाद आरोप लगाते महत्वपूर्ण एवं चर्चित व्हाट्सएप ग्रुप में 15 अप्रैल को 11: 33 मिनट में एक ऐसा वीडियो पोस्ट किया है जो घोर आपत्तिजनक होने के साथ-साथ गंभीर अपराधिक कृत्य है। यह कुत्सित मानसिकता से पूर्ण साजिश है। उन्होंने कहा कि उक्त वीडियो को अन्य लोग भी पोस्ट कर सकते हैं जिससे अप्रिय वातावरण बनने की पूर्ण संभावना है। क्योंकि पोस्ट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा धूमिल होने के साथ-साथ राजनीतिक वातावरण भी दूषित हो रहा है अतः छेड़छाड़ किए गए वीडियो पोस्ट करने वाले पर आईपीसी की धारा 153, 153बी, आईटी एक्ट की धारा 66,67 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125,127(क) के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की गई है।

# कांग्रेस झूठे वायदे करती हैं, भाजपा जो कहती है वह करती है: लक्ष्मी राजवाड़े

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए महिलाओं का जोरदार अभियान पूरे संसदीय क्षेत्र में चल रहा हैं। इसी क्रम में कल राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के तीन स्थानों पर महतारी वंदन सम्मान समारोह के बड़े सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों को संबोधित करते हुए प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस पर खुला आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठे वायदों के लिए प्रसिद्ध है किसी समय गरीबी हटाओ का नारा देने वाली इस पार्टी ने केंद्र की सत्ता में लंबा कार्यकाल गुजरा, पर पूरे देश से ना तो गरीबी हटी और ना ही गरीबों की माली हालत में कोई सुधार आया। वो तो भला हो मोदी जी का जिनहोने कांग्रेस के तमाम तानों-बनो को ध्वस्त करते हुए केंद्र की सत्ता संभाली और जनता से किए गए एक-एक वायदों को पूरा किया। टेड़ेसरा, सुरगी व शंकरपुर में आयोजित महतारी वंदन सम्मान समारोह में महिलाओं की जोरदार उपस्थिति रही। राजवाड़े ने उपस्थित मातृ शक्ति को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा की भाजपा वायदा निभाने वाली पार्टी हैं। विधानसभा के चुनाव हो या लोकसभा के, हम जो भी घोषणाए करते हैं उन्हे अक्षरसः पूरा करके दिखा देते हैं इतिहास इस बात का साक्षी हैं। महतारी वंदन योजना जिसके तहत महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति माह प्रदेश शासन द्वारा दिया जा रहा हैं उन्होंने इस योजना को महिलाओं के लिए भाजपा शासन का ऐतिहासिक फैसला बताया। राजवाड़े ने आगे कहा की पिछले चुनाओं में कांग्रेस ने किए गए कोई भी वायदों को पूरा नहीं किया, चाहे वह महिला स्वसहायता समूहों के कर्ज माफी का विषय हो, चाहे महिलाओं को पाँच सौ रुपए प्रति माह देने की बात हो। इन्ही वादाखिलाफी के कारण कांग्रेस प्रदेश की सत्ता वंचित हो गयी और अब एक बार फिर इस लोकसभा चुनाव में फर्जी फार्म भरवाकर महिलाओं को दिगभ्रमित करने की कोशिश कर रही हैं।

# पारा चढ़ा, देर शाम भी तापमान 30 डिग्री से ज्यादा मौसमी फल महंगे, प्याऊ की सुविधाएं नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पिछले हफ्ते लगातार बारिश के बाद अब दोबारा पारा चढ़ने लगा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने का अनुमान है। रात 8 बजे तक टेंप्रेचर 31 डिग्री रहा। बारिश के बाद आई नमी और अब बढ़ते तापमान से उमस बढ़ गई है। चिपचिपी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। इधर, मौसम विभाग ने देर शाम अंधड़ और बादलों की गरज की आशंका जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया था। देर शाम 7 बजे तक ऐसी स्थिति रहने का अनुमान जताया गया था। शाम के दौरान आसमान में बादल छाए रहे लेकिन गरज-चमक नहीं हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को तापमान 40 डिग्री के आसपास रहेगा। आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा।

**प्याऊ नज़र नहीं आते, निगम की व्यवस्था भी चौपट**-भरी गर्मी में लोगों को प्याऊ से मिलने वाली ठंकडकता भी नसीब नहीं हो रही है। पहले की तरह शहर में प्याऊ घर नज़र नहीं आते। मटकियों का ठंडा पानी लगभग गुम हो चुका है। इसकी बजाए लोग पानी के पाउच और बोतले इस्तेमाल करने लगे हैं। जगह-जगह इनकी उपयोगिता और इस पर निर्भरता बढ़ी है। वहीं इस मामले में निगम की व्यवस्था भी चौपट है। मसलन चौपाटी में लगाया गया वाटर फ्रिजर बंद पड़ा है। दूसरी जगहों पर भी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है।

**फल महंगे, नींबू के दाम में भी उछाल**-ग्रीष्म ऋतु में मौसमी फलों खासकर आम की खेप आने लगी है। इसकी मांग भी बढ़ी हुई है। बाजार में 150 से दो सौ रुपए किलो आम बिक रहे हैं। नींबू की मांग इस सीज़न में बढ़ने के बाद इसकी कीमत भी उछाल पर रहती है। मौजूदा समय में 10 रुपए में दो नींबू बेचे जा रहे हैं। खरबूज, खीरा और ककड़ी जैसी गर्मी से राहत देने वाली फल भी मांग पर हैं। वहीं सब्जियों के दाम अब भी चढ़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजन में शामिल भाजियां इस मौसम में अलग-अलग तरीकों से बनाई जाती हैं। इनके भी दाम बढ़े हुए हैं।



**भूपेश आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में**-राजनांदगांव। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में 17 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे । प्रदेश कांग्रेस प्रवक्त ा एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल अपरान्ह 2 बजे मचानपार, दीवानझिटिया, दीवानभेड़ी, बिजेभांठा, मुंगेरी नवागांव, धनेरी, जामसरार, बरगांव, मोहड़, मथलडबरी, रेंगाकठेरा, चिद्दो, जन्तर, कोकपुर, आसरा, दर्राबांधा, तेंदुनाला, तिलई ग्रामों में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जनसंपर्क करेंगे।


## फार्मेट सी–7

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :– **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम :– **लोकसभा चुनाव वर्ष–2024**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– **छत्तीसगढ़**
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– **लोकसभा क्षेत्र कं.–06 राजनांदगांव**
अभ्यर्थी का नाम :– **श्री भूपेश कुमार बघेल**

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आपराधिक पूर्ववृत | | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा–120 बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम (संशोधन) 2018, 2. धारा–188, 269, 270 भा.दं.वि. एवं धारा 03 महामारी अधिनियम 1897, 3. धारा–120 बी. सहपठित 469, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम |
| | ख | मामला संख्या | 1- FIR No. - 06/2024, Dt. 04.03.2024 2- FIR No.- 29/2022, Dt. 16.01.2022 3- प्रकरण कं- 5465/18, FIR No. - RC 12 & 13 (S)/2017 SCUV/SC-II/CBI New Delhi, Dt. 12.12.2017 |
| | ग | न्यायालय का नाम | 1. नही है |
| | | | 2. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय/MPMLA कोर्ट गौतम बुध्द नगर |
| | | | 3. नही है। |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | | अभ्यर्थी का मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर केन्द्रीत रहा है, जिससे पार्टी को उम्मीद है कि, मतदाताओं को आकर्षित किया जा सकता है, साथ ही अभ्यर्थी का लम्बा राजनैतिक अनुभव, स्थानीय सम्पर्क और हालिया चुनावी सफलता को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। |
| 3 | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | | पार्टी उम्मीद्वार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। उम्मीद्वार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीद्वार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीद्वार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**



फार्मेट सी–2

## दल द्वारा खड़े किए गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम – **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम – **लोकसभा क्षेत्र कं.– 06 राजनांदगांव**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम – **छत्तीसगढ़**

| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स.क. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | | लंबित आपराधिक मामले: न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | लंबित आपराधिक मामले: संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिध्दि: न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिध्दि: अपराध(धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | भूपेश कुमार बघेल | 6 | राजनांदगांव | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना–ईओडब्ल्यू, रायपुर) प्रकरण कं. वर्तमान में निरंक (FIR No. 06/2024, Dt. 04.03.2024) | धारा–120 बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम (संशोधन) 2018, **संक्षित विवरण** :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | | प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन कं. ECIR/RPZO/10/2020/AD (MK), दिनांक 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन कं. ECIR/RPZO/10/2020/AD (MK), दिनांक 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक एप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शॉपिंग की गयी। ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्टेफार्म का निर्माण कर व्हाट्अप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा। इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों/ब्रांच संचालाकों के माध्यम से ऑनलाईन बैटिंग एप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग एप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्ष 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑनलाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है। महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है । | | | |
| | | | | महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्षिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था । महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैध राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियाों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है। महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है । इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृष्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा ............... (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृष्टिगत थाना............ (वर्तमान में लागू नही) जिला ........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा "ब" के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी। | | | |
| | | | | अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय/ एम.पी.एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुध्द नगर, पुलिस थाना–नोएडा (सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुध्द नगर) वर्तमान सम्मन दिनांक 06.12.2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23 CC No.- 29/22 दर्शाया गया है (FIR No.- 29/2022, Dt. 16.01.2022) | धारा–188, 269, 270 भा.दं.वि. एवं धारा 03 महामारी अधिनियम 1897, **संक्षित विवरण** :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | | कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रोंक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01. 2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेषित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंहप्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है। | | | |
| | | | | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सीबीआई/ एससी–॥, नई दिल्ली) प्रकरण कं. 5465/18, FIR No. RC 12 & 13 (S)/2017 SCUV/SC-II/CBI New Delhi, Dt. 12.12.2017) | धारा–120 बी. सहपठित 469, 471 भा.दं. वि. एवं धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षित विवरण** :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | | एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू. / एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.– 13 (एस) 2017 एस.सी.यू. / एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक– 665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए, आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है । | | | |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधानसभा सदस्यों द्वारा, विधानपरिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने गुजराती समाज एवं भाजपाइयों ने मकेश्वर महादेव में कि विशेष पूजा

## श्रद्धालुओं और नागरिको से चाय पर चर्चा के साथ हुआ महा भण्डारा

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



शहर के हृदय स्थल में स्थित लोगों का आस्था व श्रद्धा का केंद्र बिंदु ८०० वर्ष पुराने प्राचीन मकेश्वर महादेव मंदिर मकई चौक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार केंद्र सरकार की बागडोर सौपने हेतु सर्व गुजराती समाज व भाजपाइयों ने विशेष अनुष्ठान करते हुए पूजा अर्चना किया।नवरात्र मे पड़ने वाले इस सोमवार पर उज्जैन के भूत भण्डारी महाकाल ज्योतिर्लिंग की तर्ज़ पर देवाधिदेव महादेव का विशेष श्रृंगार धतूरा, कनेर, फूल्हर सहित विशेष पुष्प एवं सामाग्री अर्पित कर किया गया। अनुष्ठान को पंडित करण महाराज काशी से शास्त्रों में शिक्षित, सहित पांच वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा शास्त्रीय पद्धति से संपन्न कराया गया। इसके साथ ही महाआरती करते हुए सभी ने भारत की एकता, अखंडता तथा संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने की प्रार्थना करते हुए विश्व शांति हेतु मंगलकामना की। तत्पश्चात विशाल प्रसादी भण्डारे के साथ भाजपा के राष्ट्रीय आह्वान पर उपस्थित श्रद्धालुओं और प्रबुद्ध नागरिक से चाय पर चर्चा कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने मतदान करने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व सभापति एवं पार्षद राजेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिन्हा, लाखू भाई भानुशाली, महेंद्र भाई राजपुरिया, भूपेश शाह, गोपाल कटारिय, पिंटू यादव, सरिता यादव, गोमती चौबे, स्नेहा सेंगर, गोल्डी महाराज,यशंवत साहू, विवेक दुबे, रेखा सोनी, लक्ष्मी ध्रुव, कामिनी कोशरिया, लक्ष्मी बंजारे, जागृति ध्रुव, खुशी, विवेक सोनी, विशाल गनवीर, पिंटू साहू, अनिल जैन, कुंदन झा, अजय मानिकपुरी,मनोज ध्रुव, छन्नू साहू निशांत तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे

### विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने मनाया नवरात्रि पर्व

**धमतरी।** ग्राम रावा में ग्राम के प्रमुख समाज सेवी नामदेव द्वारा नवदुर्गोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रत्येक रात्रि समस्त ग्राम वासियो के लिए बहुत अच्छे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। सनातन की दिशा में अग्रसर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की कार्यप्रणाली से



प्रभावित होकर रावा के ग्रामवासियों ने मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया था, जिसमें दीपक ठाकुर जिलाकार्यकारी अध्यक्ष, मोहन साहू प्रांतीय पदाधिकारी, रामचन्द्र देवांगन जिला मंत्री, सम्पर्क प्रमुख जतिन देवांगन शामिल हुए, जिसमे आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण और राधारानी के रूप में और गोपियों के रूप में कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, प्रखंड अध्यक्ष गौरव जैन, सह संयोजक प्रिंस जैन, डाकेश्वर साहू, पीयूष परख, चित्रेश साहू, ने आयोजन समिति को सहृदय शुभकामनाएं एवम बधाई दी। मोहन साहू ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए माता की शक्ति, आराधना का महत्व बताया, सनातन को धर्म के साथ जीवन जीने की कला भी बताया।

# महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा और भरवाया जा रहा फार्म झूठा और फर्जी : रूपकुमारी

■ भाजपा की महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव ने कहा एक लाख रुपए के नाम पर भरवाए जा रहे फार्म को बस्तर कांग्रेस अध्यक्ष ने झूठा बताकर कांग्रेस का झूठ सबके सामने ला दिया

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस पर करारा कटाक्ष करते हुए महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के वादे और उसके लिए भरवाए जा रहे फार्म को झूठा और फर्जी बताया है। कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। चौधरी ने कहा कि बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जगदलपुर में अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी एमसीसी को लिखे गए और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक पत्र से कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव चौधरी ने कहा कि एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर कांग्रेस के लोगों द्वारा भराए जा रहे फार्म को लेकर कांग्रेस के बस्तर के अध्यक्ष ने यह माना है कि जो फॉर्म भरवाया जा रहा हैं, वह फर्जी है। बस्तर कांग्रेस अध्यक्ष मौर्य ने अपने हस्ताक्षरित पत्र में कारण बताओ नोटिस के जवाब में यह भी लिखा है कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर एक लाख रुपए देने घोषणा की है, पर इस हेतु कोई अधिकृत फार्म जारी नहीं किया गया है और न ही भरवाया गया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा फार्म जारी कर भरवाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कोई आपत्ति नहीं है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि दरअसल, इन दिनों कांग्रेस के पास कोई मुद्दा उठाने को नहीं बचा तो वह केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।



### रामपुर वार्ड में बुथो की संयुक्त रूप से बैठक सम्पन्न

**धमतरी।** रामपुर वार्ड के 151/153/154 के बुथों की सयुंक्त बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 100 दिन में जन हित में किये गए कार्यो को बताया गया। शक्ति केन्द्र के संयोजक हेमराज सोनी ने अपने उदबोधन कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा के कार्यकर्ता जब चुनाव प्रचार में अपने बूथ पर भ्रमण करते समय अपने को ही प्रत्याशी समझ कर जनता से देश राज्य के हित में वोट मांगे। राज्य व केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीब किसान मजदूर महिला सब कि चिंता कर रहीं हैं।

# डॉ. जी. सी. भारद्वाज सिम्बाल ऑफनालेज इंटरनेशनल आईकान अवार्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनीरायण
www.dailypioneer.com





शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद, जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ में कार्यरत समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष और प्रभारी प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज को समाजसेवा, उत्तकृष्ठ साहित्य सृजन, शिक्षा के प्रति समर्पण और उल्लेखनीय कार्य हेतु बिलासपुर में आयोजित गोपाल किरण समाज सेवी संस्था ग्वालियर द्वारा अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में "प्रजातांत्रिक मूल्यों के विकास में अंबेडकर के योगदान"और संविधान की प्रासंगिकता विषय पर शोध पत्र एवं काव्य वाचन के लिए "सिम्बाल ऑफ नालेज इंटरनेशनल आईकान अवार्ड 2024" प्रदान किया गया। शासकीय जे. पी. वर्मा स्नातक पी. जी. कालेज बिलासपुर में आयोजित शोध संगोष्ठी में महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विद्वतजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रुप से सम्मानीय अतिथियों में आर. के. गायकवाड पूर्व जेलर, एस. आर. कुर्रे पूर्व अपर कलेक्टर, एम. आर. चेलक पूर्व अपर कलेक्टर, प्रभाकर ग्वाल पूर्व जज, अनिता प्रभा मिंज उप पुलिस अधीक्षक, डॉ. गिरधारी अग्रवाल उप कुल सचिव और डॉ. एस. एल. निराला प्राचार्य जी थे। इस दौरान पुस्तक विमोचन और समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद के अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं संप्रेषित की है।

# आयुर्वेद औषधालय में विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार लोरमी विकासखण्ड के ग्राम अखरार स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने जागरूक किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत औषधालय में प्रभारी चिकित्सक डॉ ज्योति कौशिक एवं उपस्थित कर्मचारियों द्वारा 07 मई को मतदान के लिए ग्रामवासियों को प्रेरित करने के लिए योग शिविर, रंगोली प्रतियोगिता, चिकित्सा शिविर, स्कूली बच्चों के द्वारा रैली निकाल कर एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के द्वारा लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने एवं मतदान के महत्व को बताते हुए अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करने प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई और मतदान केन्द्र में वोटर आईडी के अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन कार्ड आदि से भी मतदान करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय अखरार के प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# 6 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन एवं 5 अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन पत्र



पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन में कुल 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 6 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि रुखमणि चेलकर सर्वआदि दल, रामलखन खूंटे निर्दलीय, प्रवीण कुमार निर्दलीय, विजय कुमार कुर्रे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, सुरेश कुमार निर्दलीय ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही डॉ शिवकुमार डहरिया इंडिया नेशनल कॉग्रेस, कमलेश जांगड़े भारतीय जनता पार्टी, विजयलक्ष्मी सूर्यवंशी नट, मीना चौहान निर्दलीय, रोहित कुमार डहरिया बहुजन समाजवादी पार्टी, जगजीवन खटकर आजाद जनता पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

# मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों ने ली शतप्रतिशत मतदान की शपथ




पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत पथरिया में आज मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ''शत-प्रतिशत मतदान, जिले का अभिमान'' का संदेश दिया गया। साथ ही मतदाताओं लोकसभा निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने जागरूक किया गया। रैली के पश्चात 07 मई को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली गई। इस दौरान सहायक मत्स्य अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

### ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम''



**मुंगेली ।** स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम चिरहुला में संचालित शासकीय रेशम केंद्र में कोसा कृमिपालन हितग्राहियों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' स्लोगन के माध्यम से एक-एक वोट का महत्व बताते हुए मतदान करने प्रेरित किया गया।

# श्वेत बली से समस्त संकटो का होता है नाश : पं द्विवेदी

■ वासंती नवरात्रि की धूम चारो तरफ़ फैली है भक्त माता की एक दर्शन के लिए लालायित है

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



चाम्पा नगर की कुल देवी श्री माँ समलेश्वरी मंदिर में वासंती नवरात्रि बड़ी धूम धाम से मनाया जा रहा है प्रतिदिन माँ समलेश्वरी के समक्ष दुर्गासप्तशती का पाठ हो रहा भक्त माँ के दर्शन के लिए लाइन पर अपनी बारी का इंतजार करते है पं अतुल कृष्ण द्विवेदी के अनुसार सप्तमी पर मध्य रात्रि माँ समलेश्वरी के चरणो पर पं द्विवेदी बताते है कि देवी भागवत में आख्यान आता है कि निम्बू माला ( श्वेत बलि ) चढ़ाने के पीछे मान्यता है कि मां काली को प्रसन्न करने के लिए पहले बली और नरमुंडों की माला चढ़ाई जाती थी. यह आज के समय में असंभव है. ऐसे में मां के इस रौद्र रूप को प्रसन्न करने के लिए और उनका आशीर्वाद पाने के लिए इन मालाओं की जगह पर नींबू की माला माता काली की मूर्ति पर चढ़ाते हैं. इसी कड़ी में दिनांक 15/4/24 को मध्य रात्रि 11 बजे सर्वप्रथम राजपरिवार द्वारा माँ समलेश्वरी की पूजा की गई राजपुरोहित श्री कृष्णा द्विवेदी द्वारा मंत्रोचार से सोडसोपचार पूजन कराया गया. फिर माँ समलेश्वरी को माँ कालरात्रि को भक्त अपनी मनोकामना बोलते हूवे बारी बारी से निम्बू की माला अर्पित की गई। इसकी तैयारी समिति द्वारा पूर्व ही कर लिया हुआ था तदुपरांत आज महाष्टमी के अवसर पर भगवती का आज राजसी श्रृंगार किया हुआ तदुपरांत नवमी तिथि को सायं 7 बजे देवी भागवत की चड़ोतरि मध्य रात्रि हवन पूर्णाहुति के साथ इस महापर्व की समाप्ति होगी।

# अंशु टैक्सी सर्विस द्वारा दीन-दुखियों को दी जा रही भोजन की सेवा

## संस्था के अनुराग तिवारी द्वारा 100 लोगों को करवाया गया भोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर शहर में अंशु टैक्सी सर्विस द्वारा विगत एक लंबे अरसे थे बेसहारा, दीन-दुखियों एवं जरूरतमंदों को भोजन सेवा देकर रचनात्मक कार्य किया जा रहा है, तथा अंशु टैक्सी सर्विस बिलासपुर के संचालक अनुराग तिवारी द्वारा सरोज वर्मा की सुपुत्री जो कि सिविल सर्जन है, उनके सहयोग से 100 लोगों को स्वादिष्ट निशुल्क भोजन कराया गया, तथा इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे, एवं सभी ने अंशु टैक्सी सर्विस की इस सेवा कार्य की प्रशंसा की तथा बिलासपुर शहर की अंशु टैक्सी सर्विस टीम में प्रमुख रूप से सेवा कार्यों में सक्रिय रहने वाले अनुराग तिवारी, अंकित सोनी, दीपक खूंटे, गोविंद, संगम सोनी समेत लोग शामिल हैं, तथा इस संस्था द्वारा निरंतर पांच सालों से यह कार्य किया जा रहा है, अंशु टैक्सी सर्विस बिलासपुर के अनुराग तिवारी ने कहा है कि कोई भी सज्जन जो इस संस्था के माध्यम से भोजन की सेवाएं देना चाहते हैं,वे हस्मरे मोबाइल नंबर 8770577851 पर संपर्क कर हमें कॉल कर सकता है एवं हमारी संस्था उन सज्जन तक संपर्क कर उनकी इन सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए दृण संकल्पित होकर कार्य करेगी।

## आरोपियों द्वारा कार लूट कर, कार को बेचकर पैसा कमाएगें की लालच में घटना को दिया अंजाम

# लखुर्री में अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने के मामले में आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



लखुर्री में अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने के मामले में आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता। आरोपियों द्वारा कार लूट कर, कार को बेचकर पैसा कमाएगें की लालच में घटना को दिया अंजाम। चालक मृतक रमाकांत तिवारी को आरोपियों द्वारा रास्ते में गाड़ी को रूकवा कर उसके पैर हाथ को पकड़कर उसके गला दबाकर, हाथ मुक्का लात से मारपीट कियें जिसे घायल होने से कार से निकालकर पत्थर से उसके सिने को मारा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपियों द्वारा अपने साथी विधि से संघर्षरत बालक को फोन के माध्यम् से शव को छुपाने के लिए गढ्ढा खोदने के लिए बोला गया था, जिससे विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पैसे के लालच में पहले से गढ्ढा खोदकर रखा था। आरोपियों द्वारा कार में मृतक चालक के शव को सुबह करीबन 06.30 बजे पंडरीपाली पहुंचे थे, उजाला होने से शव को छुपाना संभव नही हो सका। पूनः सभी आरोपियों द्वारा कार में बैठ कर शव को छुपाने के लिए मिरौनी (हसौद) बैराज की ओर ले जा रहा था पुलिस का चेक पोस्ट लगा देखकर वहां से बिर्रा तरफ भागे तथा ग्राम लखुर्री नहर किराने में शव को फेंक दिया। थाना सारागॉव के मर्ग क्रमांक 10/2024 धारा 174 जाफौ का जॉच के दौरान सूचक छत्रपाल डिडौरे गवाह अश्वनी कुमार जायसवाल, मृतक की मॉ के पृथक- पृथक कथन में बताया कि रमाकांत तिवारी ड्रायवर है। जो इंकेश डिडॉरे बिलासपुर के कार को चलाता है। 13.04.24 को मोबाईल धारक रंजित उर्फ विवेक पुरी गोश्वामी द्वारा ग्राम कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए बुकिंग कराया तब रमाकांत तिवारी द्वारा कार डिजायर कमांक सीजी 04 सीपी 1378 को लेकर रात्रि करीबन 09.10 बजे ग्राम कोटमीसोनार लेकर गया जो 14/04/2024 को सुबह चालक रमाकांत तिवारी का मोबाईल नंबर नही लगा सुबह करीबन 10.00 बजे पता चला कि कार डिजायर सीजी 04 पी सी 1378 ग्राम पचरी बरबसपुर के पास खड़ी है कि सूचना पर जाकर देखा तो कार डिजायर पचरी बरबसपुर के पास खड़ा था व चालक रमाकांत तिवारी नही था गाडी में खून लगा था जिसकी सूचना थाना अकलतरा को दिया तब पता चला कि चालक रमाकांत तिवारी का लाश थाना सारागॉव क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखुर्री नहर किनारे पडा है कि सूचना पर जाकर देखा जो लाश पड़ा है चालक रमाकांत तिवारी का ही था जिसके शरीर पर मारपीट करने से चोंट के निशान दिख रहा था कोई अज्ञात लोग द्वारा मारपीट कर फेक दिये है कि मृतक रमाकांत के शव का पीएम कराया गया डॉ साहब के द्वारा शार्ट पीएम में मृत्यु का कारण गला दबाकर हत्या होने से थाना सारागांव में अपराध कमांक 86/24 धारा 302,201 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। हत्या जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में तत्काल आरोपियों की पतासाजी हेतु ठीम गठित किया गाया। अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चाम्पा के मार्ग दर्शन में सायबर टीम द्वारा मृतक का तकनीकी के आधार पर आरोपी (01) राहूल श्रीवास निवासी लटिया वार्ड नं. 14 थाना अकलतरा (02) सोम प्रभात उर्फ सोम निवासी तरौद वार्ड नं 09 थाना अकलतरा (03) विवेक पुरी गोस्वामी निवासी तरौद वार्ड नं. 20 अकलतरा को पकड़ा गया संदेहीयों को कडाई से पुछताछ करने पर संदेहीयों ने अपने अपने मेमोरंडम कथन में बताया कि 13/04/24 को राहुल श्रीवास के आधार कार्ड से संदेहीयों द्वार एक जीओ कम्पनी का सिम खरीदा एवं प्लान किये कि बिलासपुर के ट्रेवलस से कार बुक कर अमरकंटक की ओर लेकर जाते है और कार को लूटकर बेचकर पैसा कमायेगें ड्रायवर को भी निपटा देगें जिसके बाद करीबन 09.30 बजे रात्रि को बिलासपुर के कार ट्रेबलस वाले को मोबाइल फोन किया उसमें से एक, दो ट्रेबलस वाले पहले पैसा डालने के बाद गाड़ी भेजने बोले इसलिए उनसे बात नहीं जमी उसके बाद फिर प्रिंस ट्रेबलस बिलासुपर वाले से किराये में बात हुई और मैं अपने आप को रंजीत बताकर ट्रेबलस वाले से राहुल श्रीवास के नाम पर खरीदे नया सिम नंबर से बात किया और गाड़ी को कोटमीसोनार गाँव लाने को बोलाए रात्रि लगभग 10.30 बजे सफेद रंग का स्वीप्ट डिजायर कमांक सीजी 04 पीसी 1378 को ड्रायवर रमाकांत तिवारी लेकर आया। जिसमें तीनो लोग गाँव कोटमीसोनार से बैठकर अमरकंटक के लिए निकले कार को ड्रायवर रमाकांत तिवारी चला रहा था ड्रायवर सीट के बगल में राहुल श्रीवास बैठा था विवेक और सोम प्रभात साहु पीछे के सीठ में बैठे थे। जयराम नगर होते हुए बिलासपुर गये और सिपत चौक के पेट्रोल पम्प में पेट्रोल भराये है अपना पहचान छिपाने के लिए अपना एक केशरिया रंग का गमछा को ओढ़ा थे। पेट्रोल भराने के बाद सभी अमरकंटक के लिए निकल गये। रास्ते में एक ढाबा में रोककर तीनों गुपचुप तरिके से ड्रायवर को मारने का प्लान बनाये और रात को रात्रि करीबन 02.00 बजे गौरेला, पेड्रा रोड़ के आगे रोड किनारे खाने पिने के नाम से ड्रायवर को गाड़ी रोकने बोले गाड़ी रोकने के बाद विवेक ड्रायवर रमाकांत तिवारी के दोनो पैर को पकडा सोम प्रभात साहु ड्रायवर के हाथ को सीट के पीछे पकड़कर रखा था और राहुल श्रीवास अपने कोहनी से ड्रायवर रमाकांत के गला को सामने से जोर से दबा रहा था उसके बाद ड्रायवर रमाकांत घायल हो गया जिसे कार से निकालकर रोड किनारे जमीन में लेजाकर सभी हाथ मुक्का लात से मारपीट किये है और राहुल श्रीवास वही पर रखे पत्थर से ड्रायवर रमाकांत के सिने को मारे है। मारपीट करने से ड्रायवर रमाकांत तिवारी की मृत्यु हो गई जिसके शव को कार के पीछे सीट में लेटा दिये।

# कांग्रेस की फर्जीवाड़े की आदत गई नही : भाजपा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की राजनीतिक दशा पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि न केवल कांग्रेस जनता के मन से उतरी है, बल्कि भूपेश बघेल भी जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और अब परिवार के लोगों को मन से भी उतर गए हैं, जिनकी भाभी सीमा बघेल ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। श्रीवास्तव ने कांग्रेस पर इस बात के लिए हमला बोला कि कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ के दौरान पत्रकारों से कहा कि भूपेश सरकार के धत्कर्मों और भ्रष्टाचार ने प्रदेशवासियों के मन में गहरा आघात किया हैं। झूठ-फरेब की राजनीति और वादाखिलाफी के साथ-साथ भ्रष्टाचार व घोटालों के सरताज भूपेश बघेल की सरकार से बुरी तरह त्रस्त जनता ने 75 पार का नारा देने वाली कांग्रेस क़ो प्रदेश की जनता ने 35 सीटों पर ला पटका। इधर सरकार जाने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खुलकर भूपेश बघेल के खिलाफ जंगी मोर्चा खोल दिया। राजनांदगांव के कार्यकर्ता सम्मेलन में खूब खरी-खोटी सुनने के बाद अपने ही कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल बताने वाले भूपेश बघेल के शासनकाल में आम कार्यकर्ताओं और महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं रह गया था। श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस से बिलासपुर एवं जगदलपुर की महापौर क्रमशः वाणी राव जी एवं सफिरा साहू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में महिलाओ का कोई सम्मान नहीं हुआ। महिलाओं से किए गए सारे वादों से कांग्रेस मुकर गई। महिलाओं को 500 देने की बात, चार सिलेंडर देने की बात, महिला स्व-सहायता समूहों के कर्जा माफी की बात कोरा झूठ साबित हुई। श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस के दिग्गज नेता अरुण सिसोदिया ने तो भूपेश बघेल एवं उनके नजदीकियो पर संगठन के पैसो में घोटाला करने का आरोप लगाया।


# कांग्रेस के न्याय पत्र के कारण प्रदेश की सभी 11 सीटों पर कांग्रेस मजबूत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के न्याय पत्र जारी होने के बाद प्रदेश की सभी 11 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों की स्थिति मजबूत हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में सभी वर्गो के लिये कुछ न कुछ। महिला, युवा, किसान, मजदूर सभी कांग्रेस सरकार बनाने के पक्ष में। लोकसभा चुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी देश के लोगो पांच न्याय की गारंटी दी है। कांग्रेस का मानना है देश के महिला युवा, किसान, मजदूर, सभी को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिये उनको कानूनी संरक्षण मिले इसके लिये कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिये किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय तथा हिस्सेदारी न्याय देने का वायदा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि किसान न्याय में कांग्रेस देश के किसानों से वायदा करती है कि किसानों के सुख समृद्धि के लिये 5 गारंटी देती है। कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। इसके लिए संसद में एक विशेष कानून पारित किया जाएगा। डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी। किसानों के ऋण माफ करने और आवश्यक ऋण माफी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना की जाएगी।



## रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं...



















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403